संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -40 सोमवार,11 दिसम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये



# विष्णु देव साय होंगे छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री





## भाजपा विधायक दल की बैठक में लिया गया निर्णय,पर्यवेक्षक अर्जुन मुंडा, सोनोवाल व गौतम रहे मौजूद

-संवाददाता-
रायपुर 10 दिसंबर 2023
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के पद को लेकर बना संशय रविवार को खत्म हो गया। भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित विधायकों की बैठक में विष्णु देव साय को नया मुख्यमंत्री चुना गया है। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद विष्णु देव साय राजभवन पहुंचे। उन्होंने राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया। शपथ समारोह जल्दी ही हो सकता है। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद विष्णु देव साय को विधायकों और समर्थकों ने फूलमालाओं से लाद दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। बैठक में विष्णु देव साय को विधायक दल का नेता चुने जाने की वरिष्ठ नेताओं ने सूचना दी। नेता चुने जाने के बाद साय ने पार्टी का आभार मानते हुए कहा कि पार्टी ने एक छोटे से कार्यकर्ता पर इतना विश्वास जताया और राज्य का नेतृत्व करने का दायित्व दिया है। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का भी आभार माना। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी,अमित शाह, जेपी नड्डा का भी आभार जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। साय ने कहा कि वे सबके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उनका प्रयास होगा कि मोदी की गारंटी का राज्य में क्रियान्वयन हो। नव निर्वाचित विधायकों की बैठक रविवार को हुई। भाजपा के प्रदेश मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में इस बैठक में भाजपा विधायक दल के नेता का चयन किया गया। बैठक के लिए पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व सर्वानंद सोनोवाल और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम रायपुर के बीजेपी कार्यालय पहुंचे। बैठक में नवनिर्वाचित प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, केंद्रीय मंत्री व चुनाव सह प्रभारी डा. मनसुख मांडविया, भाजपा संगठन सह प्रभारी नितिन नबीन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह भी उपस्थित रहे। इस बीच पर्यवेक्षक अर्जुन मुंडा का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा था शाम तक छत्तीसगढ़ को मिल जाएगा नया मुख्यमंत्री।

## अरुण साव और विजय शर्मा बने डिप्टी सीएम





छत्तीसगढ़ में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान कर दिया गया है. प्रदेश में दो उपमुख्यमंत्री होंगे। जिसमें अरुण साव और विजय शर्मा के नाम पर सहमति बनी है. बता दें कि विष्णुदेव साय ने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। जानकारी के मुताबिक 12 या 13 दिसंबर को वे शपथ ले सकते हैं। हालांकि इन सब की औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। माना जा रहा है कि अरुण साव को बहुसंख्यक साहू समाज को साधने के उद्देश्य से डिप्टी सीएम बनाया गया है,जबकि विजय शर्मा को हिंदुत्व के एक प्रमुख चेहरे के रूप में माने जाने के कारण डिप्टी सीएम की जिम्मेदारी दी जा रही है।

## ओबीसी या आदिवासी का फार्मूला

इससे पहले पार्टी सूत्रों ने कहा था कि प्रदेश में मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदारों में अगर पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह के चेहरे पर सहमति नहीं बनी तो पार्टी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आदिवासी मुख्यमंत्री के फार्मूले पर विचार कर सकती है। ओबीसी वर्ग से अरुण साव व ओपी चौधरी और आदिवासी मुख्यमंत्री के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णुदेव साय और रेणुका सिंह के नाम पर मुहर लगने की संभावना थी। बता दें कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 54 सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर बहुमत प्राप्त किया है। कांग्रेस 34 सीटों पर सिमट गई है। वहीं,एक सीट गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के खाते में पहुंची है।

## मुख्यमंत्री बनने पर बधाइयों का लगा तांता

विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनते ही बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है. इसी कड़ी में भाजपा नेता छगन मुंदड़ा ने साय को सीएम बनने पर बधाई दी है. उन्होंने विष्णुदेव साय को पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं दी. बता दें कि भाजपा विधायक दल ने विष्णुदेव साय को अपना नेता चुन लिया है. अब वे मुख्यमंत्री के तौर पर वे प्रदेश की कमान संभालेंगे.

### छग महतारी की सेवा का दायित्व प्राप्त होने पर अशेष शुभकामनाएं': डॉ रमन सिंह



पूर्व सीएम रमन सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व ट्वीटर) पर लिखा- 'कुनकुरी विधायक व आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को आज विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा का दायित्व प्राप्त होने पर अशेष शुभकामनाएं।' रमन सिंह ने आगे लिखा कि 'मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में हम सभी पूर्ण निष्ठा से भाजपा के संकल्प पत्र (मोदी की गारंटी) के वादों को पूरा करते हुए प्रदेश में प्रगतिशील परिवर्तन लाने में सफल होंगे तथा भाजपा के डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ दोगुनी रफ्तार से विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा.'

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दी शुभकामनाएं...



छत्तीसगढ़ में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान कर दिया है. भाजपा की विधायक दल की बैठक में सभी की सहमति से विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया. जिसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नए मुख्यमंत्री को बधाई दी है. सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिखा, कुनकुरी विधायक, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री विष्णु देव साय जी को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं. नवा छत्तीसगढ़ की न्याय और प्रगति यात्रा को आप मुख्यमंत्री के रूप में आगे बढ़ाएँ, ऐसी कामना करता हूँ.



## 25 दिसंबर को किसानों को मिलेगा बकाया बोनस

छत्तीसगढ़ में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान कर दिया है। भाजपा की विधायक दल की बैठक में सभी की सहमति से विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया। मुख्यमंत्री चुने जानें के बाद विष्णुदेव साय की पहली प्रतिक्रिया आई है। साय ने राज्य के सरकारी खजाने की स्थिति से लेकर प्रधानमंत्री आवास और किसानों के बकाया बोनस को लेकर बड़ा बयान दिया है। नव निर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 5 साल तक सत्ता में रही कांग्रेस ने सरकारी खजाने को पूरी तरह खोखला कर दिया है। इसके बावजूद भाजपा अपना हर वादा और मोदी की हर गारंटी को पूरी करेगी। उन्होंने कहा कि वादे के अनुसार 25 दिसंबर को राज्य के किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया जाएगा। इसके साथ ही 18 लाख गरीबों को आवास भी दिया जाएगा। विष्णुदेव साय ने कहा कि हम प्रदेश की जनता से किया अपना हर वादा पूरा करेंगे। बता दें कि नव निर्वाचित विष्णुदेव साय ने राजभवन जाकर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। वहीं सूत्रों के हवाले से खबर है कि 12 या 13 दिसंबर को विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

## 5 साल के गैप के बाद भाजपा की वापसी

बता दें कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने बंपर जीत हासिल की है. 2018 की तुलना में भाजपा ने अपना प्रदर्शन सुधारते हुए प्रदेश की सत्ता में वापसी की. 54 सीटों के साथ बीजेपी ने छत्तीसगढ़ में सरकार बनाई है. वहीं कांग्रेस 68 सीट से लुढ़ककर महज 35 सीटों तक ही सिमटकर रह गई. वहीं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने 1 सीट पर कब्जा किया है.

## सोशल मीडिया में छाए सीएम विष्णुदेव साय

छत्तीसगढ़ में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान कर दिया है. भाजपा की विधायक दल की बैठक में सभी की सहमति से विष्णु देव साय को विधायक दल का नेता चुना गया है. विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद उन्हें बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है. हर ओर जश्न के साथ आतिशबाजी हो रही है. विष्णुदेव साय हर ओर छाए हुए हैं. वहीं सोशल मीडिया में विष्णुदेव साय सुर्खियां बटोर रहे हैं। ट्विटर पर विष्णुदेव साय का नाम ट्रेंडिंग कर रहा है। बता दें कि मुख्यमंत्री चुनने के लिए तीन केंद्रीय पर्यवेक्षक अर्जुन मुंडा, सर्वानंद सोनोवाल और दुष्यंत कुमार गौतम विधायक दल की बैठक में शामिल होने बीजेपी कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पहुंचे।यहां प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश सहप्रभारी नितिन नबीन की मौजूदगी में पर्यवेक्षकों की बैठक ली गई. जिसमें विष्णुदेव साय के नाम पर सभी ने मुहर लगाई।



## बैठक में लगी नाम पर मुहर

छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री चुनने के लिए प्रदेश में तीन पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई थी।भाजपा विधायक दल की बैठक में विष्णुदेव साय के नाम पर मुहर लगाई गई। छत्तीसगढ़ में तीनों पर्यवेक्षकों ने विधायक दल के नेता के नाम का एलान किया।

# अजीत जोगी के बाद छत्तीसगढ़ के दूसरे आदिवासी मुख्यमंत्री बने विष्णुदेव साय


**भाजपा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की घोषणा कर दी है। विष्णुदेव साय प्रदेश के चौथे और आदिवासी समुदाय से दूसरे मुख्यमंत्री होंगे। इससे पहले छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद प्रदेश के आदिवासी नेता अजीत जोगी ने पहले मुख्यमंत्री के रूप में कमान संभाली थी. विष्णुदेव साय प्रदेश और केंद्र में कई जिम्मेदारी संभाल चुके हैं. आइये छत्तीसगढ़ के चौथे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के परिवार समेत अन्य चीजों के बारे में जानते हैं।**

## जीवन परिचय



जसमिनी देवी, विष्णुदेव साय की माता जी

विष्णुदेव साय का जन्म 21 फरवरी 1964 को छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के बगिया गांव के किसान परिवार राम प्रसाद साय और जशमनी देवी के घर हुआ था। विष्णुदेव साय के शिक्षा की बात करें तो उनका प्रारंभिक शिक्षा गांव के बगिया प्राथमिक स्कूल से हुई और आगे की पढ़ाई छठवीं से 11 वीं तक कुनकुरी के लोयोला हायर सेकेंडरी स्कूल में 1981 तक पढ़ाई की.। इसके बाद चार भाइयो में सबसे बड़े विष्णुदेव पारिवारिक कारणों से आगे की पढ़ाई छोड़ दी और घर में पिताजी के साथ खेती किसानी करने लगे। विष्णुदेव साय ने वर्ष 1991 में कौशल्या देवी से शादी की. उनके एक बेटा और दो बेटियां हैं।



## कौन हैं विष्णुदेव साय

विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ की कुनकुरी विधानसभा से निर्वाचित हुए हैं। बीजेपी ने इस बार आदिवासी समुदाय से विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया है। अजीत जोगी के बाद छत्तीसगढ़ में कोई दूसरा आदिवासी नेता मुख्यमंत्री नहीं बना था। विष्णुदेव साय 2020 में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रहे। इसके अलावा वे सांसद और केंद्रीय मंत्री भी रहे हैं. इतना ही नहीं साय की गिनती संघ के करीबी नेताओं में होती है। विष्णुदेव साय साल 1999 से 2014 तक वह रायगढ़ से सांसद रहे हैं. मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में साय को केंद्र में इस्पात और खनन राज्य मंत्री बनाया गया था।. जिसके बाद इन्होंने संगठन पद से इस्तीफा दे दिया था।



## पढ़ाई के बाद ऐसे राजनीति में आए

गांव में पढ़े लिखे होने कारण 1989 में वार्ड पंच बने फिर 1991 में बगिया पंचायत के निर्विरोध सरपंच निर्वाचित हुए। सरपंच बनते ही इन्हें तपकरा विधानसभा सीट से 1991 से 1998 तक भाजपा प्रत्याशी बनाया गया और पहली बार 26 साल की उम्र में तत्कालीन मध्यप्रदेश की विधानसभा में विधायक बनकर विधानसभा का सफल तय किए। इसके बाद 27 मई 1999 में सांसद का चुनाव 2014 तक सांसद रहे.। इसके साथ ही 20014 से 2019 तक कैबिनेट में इस्पात खनन श्रम रोजगार मंत्रालय में मंत्री रहे। 2020 से 2022 तक छत्तीसगढ़ में प्रदेश अध्यक्ष की पद पर रहे.। वहीं 2022 से विशेष आमंत्रित राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य के रूप में रहे। 2023 के विधानसभा चुनाव में कुनकुरी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी यूडी मिंज को 25 हजार 787 मतों से पराजित कर पुनः विधायक बने। विष्णुदेव साय की प्रथम पुत्री निवृति साय की शादी जिला धमतरी फसरपानी में हुई है। दूसरी पुत्री स्मृति साय सिविल सेवा की तैयारी रायपुर में कर रही है. वहीं एकलौता पुत्र टोसेन्द्रदेव साय रायपुर के मैट्स यूनिवर्सिटी से इंग्लिश लिटरेचर के साथ जर्नलिज्म की पढ़ाई की है।



जयप्रकाश साय,विष्णुदेव साय के छोटे भाई

## दादा और दो भाई भी रह चुके हैं विधायक

विष्णुदेव के दादा स्व. बुधनाथ साय 1947-1952 तक विधायक मनोनीत हुए। जनसंघ के समय विष्णुदेव के बड़े पिताजी स्व. नरहरि प्रसाद साय सन् 1962-1967 तक लैलूंगा विधानसभा से विधायक रहे। 1972-1977 तक बगीचा विधानसभा से विधायक रहे। 1967 से 1979 तक सांसद व केंद्रीय मंत्री रहे। बड़े पिताजी स्व. केदारनाथ 1967-1972 तक तपकरा विधानसभा से विधायक रहे।

## संपादकीय

# क्यों बेलगाम हैं अपराध ?

यह सिर्फ अवधारणा नियंत्रण की भाजपा की ताकत है, जिस कारण उलटी हकीकत के बावजूद इस पार्टी की सरकारें बेहतर कानून-व्यवस्था के दावे को अपना कथित यूएसपी बनाए रख पाती हैं। वरना, हकीकत बिल्कुल ऐसे दावों के विपरीत है। हत्या, लूट, बलात्कार, साइबर क्राइम- इन सभी अपराधों में लगातार इजाफा होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। यह सिर्फ अवधारणा नियंत्रण की भारतीय जनता पार्टी की ताकत है, जिस कारण उलटी हकीकत के बावजूद इस पार्टी की सरकारें बेहतर कानून-व्यवस्था के दावे को अपना कथित यूएसपी बनाए रख पाती हैं। जबकि खुद सरकारी आंकड़े ऐसे दावों की पोल खोलते हैं। इनमें सबसे आधिकारिक आंकड़े राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट से प्राप्त होते हैं। मसलन, इसी हफ्ते जारी साल 2022 की रिपोर्ट के अनुसार 2021 के मुकाबले 2022 में महिलाओं के प्रति अपराध में चार प्रतिशत का इजाफा हुआ है। गौरतलब है कि ऐसे जुर्म के हर घंटे औसतन करीब 51 एफआइआर दर्ज हुए। उधर देश में हर दिन अपहरण की औसतन 294 से अधिक घटनाएं हुईं। साइबर अपराध के मामलों में भी 2021 के मुकाबले करीब 24.4 फीसदी वृद्धि हुई है। इनमें सबसे ज्यादा फ्रॉड से जुड़े मामले थे। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के प्रति अपराध में भी वृद्धि दर्ज की गई।देश में बच्चों के साथ अपराध में भी इजाफा हुआ। 2021 की तुलना में बुजुर्गों के प्रति अपराध में भी नौ फीसद से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई। 2022 में अचानक होने वाली मौतों में उसके पिछले साल के मुकाबले 11.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ। 2022 में इस तरह से 56,653 लोगों की जान चली गई। इनमें दिल का दौरा पड़ने से मरने वालों की संख्या 32 हजार से ज्यादा है। इन आंकड़ों के मुताबिक देश में आत्महत्या के मामलों में भी करीब चार चार फीसद की वृद्धि हुई। 2022 में 13,000 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने आत्महत्या कर ली। इन आंकड़ों से जाहिर है कि कानून-व्यवस्था में सुधार के तमाम दावे निराधार हैं। ऐसा सबसे बड़ा दावा उत्तर प्रदेश में किया जाता है। लेकिन असल हाल यह है कि वहां अपहरण के सर्वाधिक मामले दर्ज हुए। इनकी संख्या 16,262 रही। एनसीआरबी के मुताबिक 2022 में उत्तर प्रदेश में महिलाओं के प्रति अपराध के करीब 66 हजार मामले दर्ज किए गए। इसलिए असल विचारणीय प्रश्न यह है कि अपराध थम क्यों नहीं रहे हैं? इसकी जवाबदेही जाहिरा तौर पर सत्ताधारियों पर ही है।

# बुनियादी सेवाएँ नागरिक का अधिकार हैं या सरकार का उपहार ?

क्या बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच को नागरिकों के अधिकार के रूप में माना जाना चाहिए या एक उदार नेता की उदारता के हिस्से के रूप में? अगर लोगों को फ़ायदा हो तो क्या शर्तें मायने रखती हैं? या क्या लाभार्थी होना स्वाभाविक रूप से लाभार्थी के प्रति संबंधपरक कमज़ोरी दर्शाता है? एक नागरिक को लाभार्थी से क्या अलग करता है?

प्रश्न नये नहीं हैं. न ही बहस नागरिक बनाम श्रमिक टेम्पलेट के आसपास है।

इसे अभी नया जीवन मिला है, और यह नरेंद्र मोदी सरकार के कल्याण एजेंडे के केंद्र में जाता है, जिसे व्यापक रूप से भाजपा की चुनावी सफलता और मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में इसकी हालिया प्रचंड जीत के पीछे एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में देखा जाता है।

शब्द लाभार्थी (लाभार्थी) अब देश की राजनीतिक शब्दावली का हिस्सा है और सत्तारूढ़ भाजपा के लिए चर्चा का विषय है। इस साल फरवरी में, भाजपा की महिला मोर्चा ने इस बात पर ध्यान आकर्षित करने के लिए अपना ÷एक करोड़ सेल्फी÷ अभियान शुरू किया कि कैसे नरेंद्र मोदी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं ने महिला लाभार्थियों की मदद की है। इसे अब तक का सबसे बड़ा लाभार्थी आउटरीच कार्यक्रम का नाम दिया गया था। सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी यामिनी अय्यर और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर हिमांशु जैसे कई सार्वजनिक नीति विशेषज्ञों ने भारत के उभरते कल्याणकारी राज्य और नागरिक बनाम श्रमिक टेम्पलेट के बारे में विस्तार से लिखा है। अभिषेक आनंद, विकास डिंबले और अरविंद सुब्रमण्यम की दिसंबर 2020 की एक टिप्पणी में कहा गया था कि नरेंद्र मोदी सरकार का नया कल्याणवाद पुनर्वितरण और समावेशन के लिए एक बहुत ही विशिष्ट दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है। यह बुनियादी स्वास्थ्य जैसे सार्वजनिक वस्तुओं की आपूर्ति को प्राथमिकता नहीं देता है और प्राथमिक शिक्षा जैसा कि सरकारों ने ऐतिहासिक रूप से दुनिया भर में किया है इसके बजाय, इसमें आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं के सब्सिडी वाले सार्वजनिक प्रावधान को शामिल किया गया है, जो आम तौर पर निजी क्षेत्र द्वारा प्रदान किया जाता है, जैसे कि बैंक खाते, रसोई गैस, शौचालय, बिजली, आवास, और हाल ही में पानी और सादा नकद।

अब लाखों महिलाओं के पास बैंक खाते हैं, बिजली और रसोई गैस तक पहुंच है। पूरे देश में शौचालय बनाए गए हैं, और केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में मुफ्त खाद्यान्न योजना प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाने को मंजूरी दे दी है।

यह भी कोई रहस्य नहीं है कि ब्रांड मोदी भाजपा की राजनीति और चुनावी रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण तत्व है, और यह ब्रांडिंग कुछ हद तक कल्याणकारी लाभों के प्रदाता के रूप में प्रधानमंत्री की छवि के इर्द-गिर्द घूमती है। यह निश्चित रूप से 2024 के आम चुनाव तक भाजपा की रणनीति के केंद्र में रहेगा। हिंदुत्व के साथ।

मोदी सरकार के कल्याण एजेंडे ने लाखों गरीब भारतीयों को कई आवश्यक चीजें प्रदान की हैं। हालाँकि, इस बारे में सवाल उठाए जा रहे हैं कि नागरिकों के लिए इन मूर्त आवश्यक चीज़ों को एक व्यक्तिगत नेता से उपहार के रूप में देखने का क्या मतलब है, और जरूरी नहीं कि लंबी अवधि में कानूनी ढांचे के हिस्से के रूप में। दिलचस्प बात यह है कि विपक्षी दलों ने भी नागरिक को लाभार्थी (लाभार्थियों का समूह) के रूप में अपनाने की कोशिश की है।

भारत में हैंडआउट्स का इतिहास रहा है। इसका जन आंदोलनों, न्यायिक सक्रियता का भी इतिहास है जिसने नागरिकों को कानूनी सुरक्षा और जवाबदेही की मांग करने की शक्ति दी। याद रखें कि वर्तमान मुफ्त खाद्यान्न योजना एक कानूनी ढांचे से उपजी है और 2013 के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत एक पात्रता का हिस्सा है।

सुहास पल्शिकर, एक प्रख्यात अकादमिक और सामाजिक और राजनीतिक वैज्ञानिक, इस प्रवृत्ति को नरेंद्र मोदी और भाजपा द्वारा शासन और कल्याण के एक पितृसत्तात्मक मॉडल को आकार देने के प्रयास के हिस्से के रूप में देखते हैं, जो अधिकारों या मांग से अलग है। उस संदर्भ में, मूर्त आवश्यक चीजें उपहार या प्रसाद बन जाती हैं, जैसा कि पल्शीकर कहते हैं। उनका तर्क है कि यह विचार हिंदुत्व कथा में फिट बैठता है जो सत्ता का प्रयोग करने की ऊपर से नीचे की शैली की अनुमति देता है।

हम सभी उपहार पसंद करते हैं और आम तौर पर उन्हें कृतज्ञता के साथ स्वीकार करते हैं, लेकिन हम



उपहार के हकदार नहीं हैं। इसके विपरीत, अगर हम स्वास्थ्य देखभाल, पोषण, बिजली, वित्तीय समावेशन, स्वच्छता आदि को बुनियादी अधिकारों के रूप में परिभाषित करते हैं, तो हम सवाल पूछने के हकदार होंगे।

स्पष्ट रूप से, पितृसत्तात्मक शासन मॉडल अन्य कारकों के साथ संयुक्त होने पर देश के बड़े हिस्से में राजनीतिक रूप से काम करता है। मध्य प्रदेश में, जहां भाजपा ने निर्णायक जीत हासिल की, कहा जाता है कि एक प्रमुख कारक शिवराज सिंह चौहान की लाडली बहना योजना थी। 21 वर्ष से अधिक उम्र की अविवाहित महिलाओं को संबंधपरक शब्दों में लाडली बहना (प्यारी बहन) के रूप में वर्णित किया जाता है और उन्हें आर्थिक सहायता मिलती है। इसने काम किया।

लेकिन तथ्य यह है कि हाल के वर्षों में बेटियों और बहनों के बारे में सभी उच्च-डेसीबल बयान बाजी के बावजूद, बहुत कम भारतीय महिलाओं के पास अपनी आय के स्रोत हैं। अक्टूबर में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण रिपोर्ट 2022-23 से पता चलता है कि देश में महिला श्रम बल भागीदारी दर में सुधार हुआ है लेकिन यह अभी भी केवल 37 प्रतिशत है। 2004 से गिरने या स्थिर होने के बाद, 2019 के बाद से महिला रोजगार दर में वृद्धि हुई है स्व-रोज़गार में संकट-प्रेरित वृद्धि। कोविड-19 से पहले, 50 प्रतिशत महिलाएं स्व-रोज़गार थीं। कोविड के बाद यह बढ़कर 60 प्रतिशत हो गया। परिणामस्वरूप, इस अवधि में स्व-रोज़गार से होने वाली कमाई में वास्तविक रूप से गिरावट आई। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट ÷स्टेट ऑफ वर्किंग 2023 में कहा गया है कि 2020 के लॉकडाउन के दो साल बाद भी, स्व-रोज़गार की कमाई अप्रैल-जून 2019 तिमाही की तुलना में केवल 85 प्रतिशत थी। जैसे-जैसे हम 2024 और आम चुनाव के करीब पहुंच रहे हैं, हमें खुद से पूछना चाहिए कि क्या कल्याण कार्यक्रमों की राजनीतिक सफलता पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है नए और पुनः पैकेज किए गए अन्य प्रमुख मुद्दों, जैसे नौकरियों, शिक्षा,आदि पर आवश्यक बातचीत को कम नहीं किया जा रहा है। यदि आर्थिक विकास निचले पायदान पर मौजूद लोगों तक पहुंच रहा है तो हमें इतनी सारी कल्याण कारी योजनाओं की आवश्यकता क्यों है? हम निर्मित स्कूलों, नामांकन में वृद्धि के बारे में बात करते हैं, लेकिन देश की मूलभूत ताकत को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण सीखने के परिणामों पर क्यों नहीं? हम देश में स्कूलों की विशाल संख्या के बारे में बात करते हैं, लेकिन एक स्कूल भवन आवश्यक रूप से शिक्षा में महत्वपूर्ण प्रगति का सूचक नहीं है, जैसे शौचालयों का बड़े पैमाने पर निर्माण स्वचालित रूप से स्वच्छता में उच्च अंक की गारंटी नहीं देता है। जमीनी स्तर पर, भारत में दस लाख से अधिक शिक्षकों की कमी है। इसमें माध्यमिक स्तर पर उपलब्ध शिक्षकों के असमान वितरण और हाई स्कूल छोड़ने की दर की कठोर वास्तविकता को भी जोड़ें। आज, ऐसे मुद्दे उठाने वाले किसी भी व्यक्ति पर नकारात्मकता फैलाने का आरोप लगाया जा रहा है।

28 वर्ष की औसत आयु वाले एक देश के रूप में, और जो एक विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा रखता है, हम निराशाजनक शैक्षिक परिवर्तन, अपर्याप्त रोजगार सृजन और लैंगिक समानता की कमी से जुड़े सवालों से बच नहीं सकते। सफलता की कहानियों के बारे में आधिकारिक चर्चा के साथ-साथ बची हुई कमियों के बारे में गंभीर चर्चा भी होनी चाहिए।

राज्य के आवश्यक कर्तव्यों और नागरिकों के अधिकारों के बारे में बात करना नकारात्मकता नहीं फैला रहा है। यह एक रियलिटी चेक प्रदान कर रहा है।

**-पत्रलेखा चटर्जी-**

## भाव सीखो

भाव समर्पण की सीखो
सीमा से लिपटे जवान से।
भाव उपकार की सीखो
धरती की हर एक तरू से।
भाव राष्ट्रवाद की सीखो
महाराना प्रताप से।
भाव एकता की सीखो
चींटियों की झुंड से।
भाव समानता की सीखो
जल बहते नदी से।
भाव जोश की सीखो
रण मे लड़ते योद्धा से।
भाव मुस्कुराहट की सीखो
हर मौसम मे चलते मजदूर से।
भाव संघर्ष की तुम सीखो
एक खेती करते किसान से।
भाव सहनशीलता की सीखो
हम सबकी माता धरती से।
भाव त्याग की सीखो
भारतीय क्रांतिकारियों से।
भाव धैर्य की सीखो
राम भक्त शबरी माता से।
भाव मीत की सीखो
कृष्ण और सुदामा से।



**लक्ष्मी नारायण सेन**
खुटेरी गरियाबंद (छत्तीसगढ़)

# स्वतंत्रता पर प्रहार मानव अधिकारों का हनन

स्वतंत्रता के साथ जीवन यापन करना हर एक इंसान का अधिकार है। यदि इस पर किसी प्रकार का कुठाराघात होता तो वह मानव अधिकारों का हनन है। मानवाधिकार देश और दुनिया में प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्र रूप से सोचने, विवेक और धर्म की स्वतंत्रता के साथ ही ईमानदार विश्वासों का निर्माण करने का अधिकार देता है। इसके तहत व्यक्ति अपनी पसंद के अनुरूप किसी भी धर्म का पालन करने और अपनी इच्छानुसार बदलने के लिए स्वतंत्र है। ये मानव के वे अधिकार हैं जो विश्वव्यापी हैं और वैश्विक कानूनों द्वारा संरक्षित हैं। बदलते वक्त के साथ ही इसमें भी बदलाव आया है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जानते हैं इसका महत्व।

10 दिसंबर को दुनियाभर में मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है। जो शांति, समानता, न्याय, स्वतंत्रता और मानव गरिमा की सुरक्षा को बढ़ावा देता है। 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। अपनी प्रस्तावना में यूडीएचआर ने अंतर्निहित गरिमा की मान्यता और मानव परिवार के सभी सदस्यों के समान अधिकारों की मान्यता पर प्रकाश डाला है, जो दुनिया में स्वतंत्रता, न्याय और शांति की नींव है। 1950 में दिवस की आधिकारिक घोषणा की गई। 28 सितंबर 1993 को भारत में अमल में लाया गया। इसी के तहत 12 अक्टूबर 1993 को मानव अधिकार आयोग गठित हुआ।

मानव अधिकार का आशय ऐसे अधिकारों से है- जो जाति, लिंग, राष्ट्रीयता, भाषा, धर्म या किसी अन्य आधार पर भेदभाव किये बिना सभी को प्राप्त होते हैं। सार्वभौमिकता के तहत अधिकारों और स्वतंत्रताओं से संबंधित कुल 30 अनुच्छेदों को सम्मिलित किया गया है। जिसमें जीवन, स्वतंत्रता और गोपनीयता जैसे नागरिक और राजनीतिक अधिकार तथा सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैस आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार शामिल हैं। भारत ने मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा के प्रारूपण में सक्रिय भूमिका निभाई है।




कन्वेंशन ऑन द प्रिवेंशन एंड पनिशमेंट ऑफ द क्राइम ऑफ जेनोसाइड (वर्ष 1948)। इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन द एलिमिनेशन ऑफ ऑल फॉर्म ऑफ रेसियल डिस्क्रिमिनेशन (वर्ष 1965)। डिस्क्रिमिनेशन अगेंसट् विमेन (वर्ष 1989)। विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर कन्वेंशन (वर्ष 2006)। भारत इन सभी कान्वेंशन्स का हिस्सा है।

मानवाधिकार परिषद् संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर एक अंतर-सरकारी निकाय है, जो मानव अधिकारों के संवर्द्धन और संरक्षण के प्रतिबद्ध है। यह संयुक्त राष्ट्र के 47 सदस्य देशों से मिलकर बनी है, जिनका चयन संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा किया जाता है। प्रत्येक चार वर्ष में एक बार संयुक्त राष्ट्र के सभी 192 सदस्य देशों के मानवाधिकार रिकॉर्ड की समीक्षा की जाती है। क्योंकि मानव अधिकार वे मानदंड हैं जो मानव व्यवहार के मानकों को स्पष्ट करते हैं। एक इंसान होने के नाते ये वो मौलिक अधिकार हैं जिनका प्रत्येक व्यक्ति स्वाभाविक रूप से हकदार है।

मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा में उल्लेखित लगभग सभी अधिकारों को भारतीय संविधान में दो हिस्सों-मौलिक अधिकार और राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांत में शामिल हैं। मौलिक अधिकार-संविधान के अनुच्छेद 12 से 35 तक। इसमें समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, सांस्कृतिक और शिक्षा संबंधी अधिकार तथा संवैधानिक उपचारों का अधिकार शामिल है। मानवाधिकारों के संबंध में नेल्सन मंडेला ने कहा था, कि लोगों को उनके मानवाधिकारों से वंचित करना उनकी मानवता को चुनौती देना है। स्वतंत्रता पर प्रहार ही मानव अधिकारों का हनन है।

विडंबना देखिए कि कानून द्वारा संरक्षित इन अधिकारों में से कई लोगां द्वारा, यहां तक कि सरकारों और कानून के रक्षकों द्वारा भी उल्लंघन किया जाता है। मानवाधिकारों के उल्लंघन की निगरानी के लिए कई संगठन बनाए गए हैं। ये संगठन इन अधिकारों की सुरक्षा के लिए कदम उठाते हैं। लेकिन कई बार ऐसा देखने को मिलता है कि जिन लोगो के ऊपर मानव अधिकारों की रक्षा की जिम्मेदारी होती है वही अपनी शक्ति का दुरूपयोग कर मानव अधिकारों का हनन करने लगते हैं। इसीलिए इस बात को सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि देश के सभी व्यक्तियों को उनके मानव अधिकारों की प्राप्ति हो। ताकि वे शांति, समानता, गरिमा, न्याय और पूर्ण स्वतंत्रता के साथ जीवन यापन कर सकें।

**-डॉ. केशव पाण्डेय-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## एक विरान आशियाना है

मनुष्य जैसे दिखता बस है
बेमोल सदा बिकता बस है
एक टुटा खंडहर पुराना है
एक विरान आशियाना है
ना ईमान ना कोई धरम है
ना कोई भी अच्छे करम है
कभी गमो का फसाना है
कभी खुशी का ठिकाना है
बाहर से सब कुछ और है
अंदर से ठौर कुछ और है
अंदर एक कठोर हृदय है
सदमा से सहमा मनवा है
क्या कैसे ये सब मौन है
कोई ना जाने ये कौन है
यह जीवन का सवाल है
हर शख्स अब परेशान है
जग का कैसा फसाना है
नित नव गूंजती तराना है
ये सफर हंस के बिताना है
यही तो अंतिम फसाना है



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
आमाचानी धमतरी छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## समाज व राष्ट्र के प्रति हम सभी की जिम्मेदारी है



**डॉ. विक्रम चौरसिया**
नईदिल्ली

आज हमारा राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर है भारत विश्व की उभरती ताकत के रूप में उभर रहा है, लेकिन एक तरफ जब नन्हें नन्हें देश के भविष्य हमारे बच्चे , बुजुर्ग व्यक्ति सडकों पर भीख मांगेंगे, रोटी रोटी के लिए दर दर ऐसे ही भटकते रहेंगे तो कैसे आखिर विश्व गुरु बनेंगे? किसी भी राष्ट्र को संपूर्ण रूप से विकसित होने के लिए वहां के युवाओं की प्रमुख भूमिका होती है, लेकिन आप ही सोचो विश्व के सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश भारत के बेरोजगार युवा दर दर ऐसे ही भटकते ही रहेंगे तो कैसे आखिर देश विकसित होगा? जब हमारे देश के रीढ की हड्डी मतलब कि हमारे अन्नदाता किसान आज आजादी के इतने वर्षो के बाद भी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलने से कर्ज में हो जिसके कारण अपने बच्चों को अच्छी स्वास्थ्य ,भोजना, शिक्षा भी नहीं दे पाने से आए दिन आत्महत्या कर रहे हों ऐसे में कैसे हम आखिर विश्व गुरु बनेंगे?एक तरफ तो देश का बड़ा तबका कुपोषण का शिकार वही एक वर्ग ओवरन्यूट्रिशन का शिकार हो रहा है , जहां देश के अधिकांश संसाधनों पर कुछ लोगों का अधिकार है तो वही एक बहुत बड़ा तबका आज आजादी के इतने वर्षो बाद भी रोटी ,कपड़ा, मकान के लिए भी संघर्ष कर रहा हो ऐसे में भ्रष्टाचार में लिप्त नेताओं , अधिकारियों से कैसे गरीबों मजलूमों का उद्धार होगा?इस आधुनिकता की चकाचौंध में,कैसे हमारे संस्कृति का संरक्षण होगा? ऐसे ही अंधविश्वास में जकड़े रहेंगे हम तो,कैसे आखिर हमारा देश विश्व गुरू बनेगा ? व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र का निर्माण होता है, एक जिम्मेदार व्यक्ति के लिए समाज और राष्ट्र के प्रति भी जिम्मेदारी होती है, इसलिए यहां आपसे मैं चाहता हूं कि आप भी दृढ़ संकल्प ले की एक अच्छे समाज का निर्माण करने के लिए अपने पारिवारिक दायित्वों के साथ ही देश और समाज के प्रति दायित्वों का निर्वाह भी पूरी ईमानदारी से करना है, हम नागरिकों के लिए आवश्यक है कि हम वास्तविक अर्थो में आत्मनिर्भर बनें, ये देश के विकास के लिए बहुत आवश्यक है, यह तभी संभव हो सकता है, जब देश में अनुशासित, समय के पाबंद, कर्तव्यपरायण और ईमानदार नागरिक बने ,हमें जरूरतमंद लोगों की मदद अपने सामर्थ्य अनुसार जरूर करनी है ,परिवार एवं आसपास के लोगों से मेलजोल और समन्वय के साथ रहना चाहिए,इससे परिवार और समाज में शांति, आपसी प्रेम और परस्पर विश्वास , प्यार की रसधार बहेगी, मेरा भारत महान बनाना चाहते हैं तो पहले खुद महान तो बनो और महान बनने के बीज इन छोटी-छोटी बातों में ही छिपे होते हैं,करने दीजिये लोग जो करते है बस आप अपनी जिम्मेदारी लीजिये बस खुद से अभी वादा कीजिए कि कोई भी जरूरतमंद मेरी इस आंखों से दिखेगा तो अपने समर्थ अनुसार उसकी मदद जरूर करूंगा।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# लड़ाकू वक्ता है भारतीय मूल की निक्की!

रिपब्लिकनों के डिबेट्स जारी हैं। वे विदेश नीति,घरेलू मामलों, दोनों युद्धों में क्या ठीक हो रहा है और क्या गलत, गर्भपात संबंधी अधिकारों, लोक तांत्रिक अधिकारों पर,और एक दूसरे के नीचा दिखाने के लिए बहस कर रहे हैं। हाल में हुई चौथी टीवी बहस व्यक्तिगत टकरावों से शुरू हुई और उन्हीं पर खत्म भी। यह सब डोनाल्ड ट्रंप का विकल्प बनने के लिए किया जा रहा है, जो अब तक हुए एक भी डिबेट में शामिल नहीं हुए हैं। बावजूद इसके उम्मीदवारी की दौड़ में सबसे आगे हैं। इकोनोमिस्ट ट्रेकर के अनुसार ट्रंप के निकटतम प्रतिद्वंद्वी रॉन डीसानटिस उनसे बहुत पीछे हैं और ट्रंप को उन पर 51 प्रतिशत की बढ़त हासिल है। जैसे-जैसे आयोवा काकस का समय निकट आ रहा है, लगभग सभी विश्लेषक यह मानकर चल रहे हैं कि डोनाल्ड ट्रंप ही रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार होंगे और संभवतः चुनाव जीतकर दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति बनेंगे।

हालांकि ट्रंप कानूनी झंझटों में फंसे हुए हैं चार आपराधिक प्रकरणों में और 91 अन्य अपराधों में जिनसे उनके दूसरे कार्यकाल के अरमान पूरे होने में बाधा पड़ सकती है। लेकिन, फिलहाल, 77 वर्षीय ट्रंप बाकी सभी रिपब्लिकनों से आगे हैं। ट्रंप के कार्यकाल में उप-राष्ट्रपति रहे माईक पेंस सहित कई उम्मीदवार मैदान छोड़ रहे हैं। विवेक रामास्वामी, जिनके बारे में कहा जाता था कि वे ट्रंप के अलावा बाकी सभी उम्मीदवारों से आगे रहेंगे अपनी चमक-दमक और गति खोते जा रहे हैं। हालांकि दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर और ट्रंप के कार्यकाल में संयुक्त राष्ट्रसंघ में अमरीका की राजदूत रहीं निक्की हैली आश्चर्यजनक तेजी से उभर रही हैं। वे मजाकिया हैं और कड़े मुकाबले भरे पिछले तीन डिबेट्स में उनका प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है।

उनके प्रतिद्वंदियों ने लगातार उन



पर वार किए। राजनीति में यह आपके आगे बढ़ने का संकेत होता है! डीसानटिस ने पहले से ही हैली द्वारा गवर्नर के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान चीनी निवेश आकर्षित करने के प्रयासों को लेकर उनकी आलोचना करने वाले विज्ञापन देना प्रारंभ कर दिया है, जिसमें और तेजी और तल्खी आने की संभावना है। विवेक रामास्वामी तो शुरूआत से ही उन्हें ट्रोल करते रहे हैं। पिछली रात हुई डिबेट के दौरान एक बार उन्होंने अपना पैड उठाकर दिखाया जिस पर उन्होंने लिखा था निक्की भ्रष्ट।जब उन्होंने हैली पर 'पहचान की राजनीति' करने का आरोप लगाया तो श्रोताओं ने उन्हें हूट किया। और जब हैली से पूछा गया कि क्या वे इस आरोप का जवाब देना चाहेंगीं, तो उन्होंने कहा, नहीं। मैं अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहूंगी।दर्शकों ने इस पर उन्हें जम कर चीयर किया।

निक्की ने साबित कर दिया है कि वे एक लड़ाकू वक्ता हैं। वे अपने प्रतिद्वंदियों पर तीखे प्रहार करती हैं। और आम लोग, प्रचारक और प्रायोजक जिंदादिल निक्की को पसंद कर रहे हैं। उन्हें ऐसे रईस दानदाताओं से भरपूर धन और प्रचार हेतु अन्य संसाधन मिल रहे हैं जो ट्रंप का विकल्प तलाश रहे हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि अब दूसरे स्थान के लिए उनके और फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डीसानटिस के बीच कांटे की टक्कर चल रही है। डीसानटिस को पहले काफी मज़बूत माना जा रहा था। निक्की के कुछ समर्थक डीसानटिस को छोड़कर उनके साथ आये हैं तो कुछ दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट को छोड़कर। टिम ने 12 नवम्बर को रेस को अलविदा कह दिया था।लेकिन इस सबके बावजूद, निक्की मतों की दृष्टि से डीसानटिस और ट्रंप से बहुत पीछे हैं। और जैसे-जैसे मुकाबला कड़ा होता जा रहा है, वह अधिकाधिक दिलचस्प भी हो रहा है। ट्रंप को हालांकि अच्छी-खासी बढ़त हासिल है, लेकिन यदि वे लड़खड़ाते हैं या उन्हें जल्दी ही कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़ता है, तो सिर्फ रिपब्लिकन प्रायमरी ही नहीं बदलेंगी आगे का माहौल भी बदलेगा। बाइडन ने एक फंडरेजिंग इवेंट में इसी सप्ताह कहा ''यदि ट्रंप मुकाबले में न होते, तो मैं पक्के तौर पर नहीं कहा सकता कि मैं मैदान में होता या नहीं।

**-श्रुति व्यास-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## देख भोले की मुस्कानें

मन ही मन में मेरे भोले,
मन का साज बजाते हैं,
राग भले हो चाहें कैसा,
मन बस में कर जाते हैं।
मन ही मन में .....
बिछड़ रही हैं श्वांसें पल-पल,
जीवन में रंग लाते हैं,
मेरे भोले इतने भोले,
सब दुख-दर्द मिटाते हैं।
मन ही मन में ....
कोई कहता मन से सुंदर,
कोई कहता तन से सुंदर,
मेरे भोले तो अनुपम हैं,
जित देखो उत सुंदर-सुंदर।
मन ही मन में ....
मन में ना कहीं बैर उपजता,
और ना ही कहीं कटुता बहती,
देख भोले की मुस्कानों को,
गंगा भी कल-कल -सी बहती।
मन ही मन में ....
आओ शीत की शीतलता में,
भोले से कुछ बात करें,
जीवन तो चलता रहता है,
मुस्कानें की बात करें।
मन ही मन में ....



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**
गांधीनगर, इन्दौर मध्यप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# कांग्रेस में भी जड़ता टूटेगी

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों से ऐसी उम्मीद की जा सकती है कि जिस तरह भाजपा में यथास्थिति खत्म हो रही है या जड़ता टूट रही है उसी तरह कांग्रेस में भी जडता टूटेगी। तेलंगाना में यह देखने को मिला है। कांग्रेस ने बिल्कुल नए नेता रेवंत रेड्डी को राज्य का मुख्यमंत्री बना दिया। कांग्रेस के कई बड़े नेता उनके भी पीछे पड़े थे और प्रदेश के दूसरे रेड्डी नेताओं के साथ उनकी नहीं बन रही थी। लेकिन पार्टी आलाकमान ने उन पर भरोसा दिखाया। इससे नए नेतृत्व का दौर शुरू हुआ है।

माना जा रहा है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस की जड़ता टूटेगी और नए लोगों को कमान मिलेगी। सोचें, मध्य प्रदेश में कमलनाथ छह साल से अध्यक्ष थे। वे मुख्यमंत्री बने तब भी अध्यक्ष रहे। उनकी उम्र भी 77 साल हो गई है। अब उनकी जगह नया अध्यक्ष आएगा। मध्य प्रदेश की राजनीति पिछले अनेक बरसों से दो चार पुराने नेता संचालित करते रहे हैं। अब उनके साथ साथ नए नेताओं को पार्टी मौका दे सकती है।

इसी तरह राजस्थान में पिछले 25 साल से सिर्फ दो लोग मुख्यमंत्री हुए। 15 साल अशोक गहलोत मुख्यमंत्री रहे और 10 साल वसुंधरा राजे ने सरकार चलाई। गहलोत 1998 में पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। इस बार भी अगर कांग्रेस जीतती तो वे मुख्यमंत्री बनते। हारने के बाद यह तय है कि उनका राजनीतिक सूरज अस्त होगा। उनकी उम्र भी बहुत ज्यादा हो गई है। उनकी जगह नए नेता को कमान मिलेगी। गहलोत के साथ साथ कई नेता राजनीतिक बियाबान में जा सकते हैं। चुनाव हारे और जीते कई नेताओं को हटा कर कांग्रेस नए नेताओं को आगे कर सकती है। छत्तीसगढ़ सहित दूसरे कई राज्यों में भी यह प्रक्रिया आजमाई जा सकती है। कांग्रेस में ओल्ड गार्ड बनाम नए नेताओं की बहस बरसों से चल रही है। लेकिन पांच राज्यों के चुनाव नतीजों ने इस बहस को निर्णायक अंत की ओर बढ़ा दिया है। चुनाव नतीजों से कांग्रेस आलाकमान को मौका मिल गया है। अगर हार के सदमे से उबर कर कांग्रेस इसे सकारात्मक रुप में लेती है तो वह अपने संगठन का ढांचा पूरी तरह से बदलने के बारे में सोच सकती है। कांग्रेस का कायाकल्प करने की शुरुआत इससे हो सकती है।



**-हरिशंकर व्यास-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

CMYK

# 8 घंटे तक दलदल में फंसे हाथी को रेस्क्यू कर निकाला गया बाहर





- संवाददाता -
प्रतापपुर, 10 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के ग्राम बरबसपुर से लगे बूढ़ाडांड स्थित नाले के पास दलदल में शनिवार की रात एक हाथी में फंस गया। 8 घंटे तक फंसे रहने के बाद जेसीबी और रस्सी से उसका सफल रेस्क्यू कर किसी तरह बाहर लाया गया। दलदल में काफी देर तक फंसे रहने तथा दलदल से निकलने के लिए बार-बार जोर लगाने से अस्वस्थ हो गया है। दलदल से निकाले जाने के बाद हाथी कुछ दूर चल कर बैठ गया है। अब पशु चिकित्सकों को बुलाकर उसे इलाज कराया जा रहा है।

सूरजपुर वन मंडल के प्रतापपुर परिक्षेत्र में इस समय 30-35 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इस क्षेत्र में गन्ने की खेती के लिए प्रसिद्ध प्रतापपुर में प्राय हाथियों का डेरा रहता है। इस बीच शनिवार रात बरबसपुर के बूढ़ाडांड़ में एक नाले में दल का एक हाथी फंस गया। ग्रामीणों की माने तो सुबह 4 बजे के आसपास उसके चिल्लाने की आवाजें आ रही थी, पास जाकर देखा तो हाथी ठंडे पानी के दलदल में फंसा हुआ था। जिसके बाद इसकी सूचना तत्काल वन विभाग की दी गई। रेंजर विनय टंडन टीम के साथ मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद उसे निकाला गया। दलदल में काफी देर तक फंसे रहने तथा दलदल से निकलने के लिए बार-बार जोर लगाने से अस्वस्थ हो गया है। दलदल से निकाले जाने के बाद हाथी कुछ दूर चल कर बैठ गया है। अब पशु चिकित्सकों को बुलाकर उसे इलाज कराया जा रहा है। प्रतापपुर के परिक्षेत्राधिकारी विनय टंडन ने बताया कि बरबसपुर गांव से लगे गन्ने के खेतों के बीच एक नाले में एक हाथी फंस गया था। जो काफी दलदल है, बीते 8 घंटे से हमारी टीम उस पर नजर बनाये हुए थी। जेसीबी और रस्सी के सहारे उसे बाहर लाया गया है। कुछ दूर चला फिर बैठ गया है, उस पर नजर बनाये हुए है चिकित्सको को भी बुलाया गया है। बरबसपुर के ग्राम बूढ़ाडांड के ग्रामीणों ने हाथी के फंसे होने की जानकारी वन विभाग को दी। जिसे वन कर्मचारियों एवं हाथी मित्र दल द्वारा मोर्चा संभालते हुए जेसीबी और रस्सी से निकालने का प्रयास किया गया। तत्पश्चात सुबह 6 से 9 बजे तक प्रयास करने के बाद हाथी को सुरक्षित रेस्क्यू कर निकला गया। ठंड के मौसम में पूरी रात दलदल में फंसे रहने के कारण हाथी बीमार हो गया है। दलदल से निकलने के बाद कुछ दूर चलकर वह बैठ गया।

# सूने घर से डेढ़ लाख की हुई चोरी

**नगद के साथ जेवरात भी हुआ पार**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

मणिपुर थाना क्षेत्र के तेंदूपारा स्थित एक सोने घर में अज्ञात चोरों ने ताला तोडक़र घर के अंदर रखा 70 हजार रुपए नगदी सहित सोने-चांदी के जेवर की चोरी कर ली है। कुल चोरी लगभग डेढ लाख रुपए की बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। हालांकि क्षेत्र में चोरी की घटना से आसपास के लोग काफी भयभीत हैं। जानकारी के अनुसार लक्ष्मीपुर तेंदूपारा निवासी नरेश एक्का 8 दिसंबर की शाम 6 बजे अपने परिवार के साथ परसापाली पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। दूसरे दिन जब परिवार के साथ घर वापस पहुंचा तो गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर मुख्य दरवाजे की कुंडी उखड़ी थी और अलमारी का ताला टूटा हुआ था। अलमारी में धान बिक्री का 70 हजार रुपए नकदी के साथ-साथ तीन जोड़ा चांदी का पायल, दो नग सोने का टॉप, 4 नागनाक का किल, चांदी का बिछिया रखी हुई थी। अज्ञात चोरों ने नगदी सहित जेवरातों की चोरी कर ली। परिवार के लोगों ने इसकी सूचना मणिपुर पुलिस को दी है। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

# लखनपुर अस्पताल से महिला का पर्स हुआ चोरी सीसीटीवी कैमरे में घटनाक्रम कैद

- संवाददाता -
लखनपुर,10 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लोसगा देवभुडू निवासि सरिता बरवा पति रामजीत जो अपनी देवरानी आलिका बरवा को प्रसव के लिए लखनपुर अस्पताल लेकर रविवार की सुबह लगभग 8:00 बजे आई। सुबह लगभग 11:30 बजे प्रसव कक्ष के सामने सामान सहित पर्स को छोड़कर सरिता बरवा प्रसव कक्ष के अंदर देवरानी से मिलने गई थी। वैसलीन लेने लौटी तो देखा पर्स नही है। सीसीटीवी कैमरे से पता चला कि एक युवक वहां पहुंचा और पर्स को चोरी कर ले गया। उक्त महिला के पर्स में 25000 नगद ,पैन कार्ड, आधार कार्ड और परिचय पत्र था। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसकी सूचना लखनपुर पुलिस को दी गई प्रशिक्षु डीएसपी शुभम तिवारी ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम भेजा जहां पुलिस टिम सीसीटीवी कैमरे के आधार पर चोरी की घटना की जांच कर रही है। परिजनों ने क्षेत्र वासियों से अपील की है कि युवक की पहचान होने पर लखनपुर पुलिस थाने में इसकी सूचना दें।





# डाकघर व खाद दुकान में चोरी करने वाले आरोपी को थाना जयनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,10 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

दिनांक 13.10.23 को जयनगर निवासी नंदिनी सिंह ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 अक्टूबर को डाक घर जयनगर का ताला तोड़कर कोई अज्ञात व्यक्ति खातेदारों का जमा 20 हजार रूपये एवं पासबुक चोरी कर ले गया है। वहीं दूसरे मामले में दिनांक 01.12.23 को जयनगर निवासी मामन अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि में इनके खाद दुकान का ताला तोड़कर कोई अज्ञात चोर 35 हजार रूपये व लड़के का आधार कार्ड चोरी कर ले गया है। दोनों ही रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 457, 380 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।



मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने अज्ञात आरोपी की पतासाजी करते हुए जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। जयनगर पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान घटना स्थल के सीसीटीव्ही फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया गया तथा पूर्व में चोरी के प्रकरण में शामिल सक्रिय लोगों के बारे में जानकारी एकत्र किया गया इसी बीच मुखबीर की सूचना व सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपी रामनाथ सिंह पिता श्री जलसाय उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम चंदरपुर, थाना सूरजपुर को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने डाकघर व खाद दुकान से चोरी करना स्वीकार कर बताया कि चोरी की रकम को खर्च कर दिया उसके निशानदेही पर 1 पासबुक व 1 आधार कार्ड जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर सरफराज फिरदौसी, एएसआई महिपाल सिंह, वरूण तिवारी, प्रवीण राठौर, प्रधान आरक्षक संतोषी वर्मा, अशोक साहू, आरक्षक दिनेश ठाकुर, श्याम सिंह, विकास मिश्रा, नीरज झा व सोनू सिंह सक्रिय रहे।

# सिविल सर्विसेज तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेंगे तरूण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सिविल सर्विसेज तैराकी प्रतियोगिता (विभागीय खेल खेलकूद प्रतियोगिता) 15 से 17 दिसंबर तक दिल्ली में आयोजित है। जिसमें नगर के तैराक तरुण आदित्य दुबे चयनित हुए हैं। जिसमें वे 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक प्रतियोगिता में भाग लेगें। ज्ञात हो कि तरुण आदित्य दुबे जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर में पदस्थ हैं और अन्तराष्ट्रीय स्तर की कई तैराकी प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस प्रतियोगिता के लिए संयुक्त संचालक डॉ पीएस सिसोदिया, सीएमएचओ डॉ. आरएन गुप्ता एवं सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी ने शुभकामनाएं दी है।



# फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु कार्यक्रम जारी

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 10 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसमें ऐसे मतदाता, जिनका नाम किसी कारणवश मतदाता सूची में नहीं जुड़ पाया अथवा उनके बारे में दर्ज जानकारी गलत हो, एपिक कार्ड होने के बाद भी विधान सभा निर्वाचन हेतु उपलब्ध मतदाता सूची में नाम नहीं था या त्रुटिवश कट गया था। इसी प्रकार स्थान परिवर्तन, पता परिवर्तन, फोटो में सुधार आदि कराया जाना था परंतु नहीं हो पाया हो, उन्हें पुनः आवेदन करने हेतु सूचना जारी की गई है। इसके लिए आवेदन ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों ही माध्यम से किया जा सकता है।

इस हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारिणी अनुसार एकीकृत फोटो युक्त मतदाता सूची के प्रारुप का प्रकाशन के बाद 06 जनवरी से 22 जनवरी तक दावा एवं आपत्ति भरने की तिथि निर्धारित की गई। इसके पश्चात अंतिम प्रकाशन 08 फरवरी को जिले में सम्मिलित समस्त मतदान केंद्रों में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

# अम्बिकापुर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 दिसंबर को

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,10 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 दिसंबर 2023 को किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के सफलतापूर्वक संपादन हेतु खंडपीठ की स्थापना की जाती है। कलेक्टर, अपर कलेक्टर, नजूल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार संबंधित खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी होंगे तथा प्रभारी अधिकारी, राजस्व शाखा नोडल अधिकारी होंगे।

इस नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय एवं तालुका न्यायालय (व्यवहार न्यायालय) में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरण, धारा 125 दंड प्रक्रिया संहिता तथा मेट्रोमोनियल डिस्प्युट के अलावा जलकर, संपत्तिकर, सिविल प्रकरण, ट्रैफिक चालान, भाडा नियंत्रण, आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं दूरसंचार विभाग, नगर पालिका में वसूली संबंधी प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत सबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण एवं राजस्व न्यायालय खंडपीठों में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारें, कब्जे के आधार पर बटवारा, दंड प्रकिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामलें, रेन्ट कंट्रोल एक्ट, सूखाधिकार से संबंधित मामलों के साथ-साथ विक्रय पत्र, दानपत्र और वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले तथा अन्य प्रकृति के सभी मामले सम्मिलित और चिन्हांकित कर आपसी राजीनामा के आधार पर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किया जाएगा।




# मिचौंग के बाद उत्तर से आ रही शुष्क हवा ने ठिठुराया,तापमान में गिरावट

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,10 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा संभाग सहित उत्तरी छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड पडनी शुरू हो गई है। उत्तर की ओर से आ रही शुष्क हवा के कारण न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। वहीं मौसम वैज्ञानी ने 24 घंटे के अंदर न्यूनतम तापमान में 1-2 डिग्री तक का गिरावट संभावित है।



चक्रवाति तूफान मिचौंग का असर पिछले तीन दिनों तक अंबिकापुर सहित सरगुजा संभाग में देखा गया। तीन दिनों तक लगातार बारिश हुई। इसके साथ ही शुक्रवार को मिचौंग का असर खत्म होने के साथ धूप तो निकली पर ठंड से राहत नहीं मिली। मौसम वैज्ञानिक एसके मंडल ने बताया कि उत्तरी छत्तीसगढ़ में लगातार उत्तर से शुष्क हवा आ रही है। शनिवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया था, जो सामान्य से 2 डिग्री नीचे था। वहीं न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक है। वहीं रविवार को न्यूनतम तामपन का पारा गिरकर 9.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। वहीं मौसम वैज्ञानी का मनाना है कि 24 घंटे के अंदर न्यूनतम तापमान में 1-2 डिग्री तक की और गिरावट दर्ज की जाएगी।

### कोहरे छाए रहने की संभावना

मौसम वैज्ञानी एसके मंडल ने बताया कि अफगानिस्तान में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ पूर्वोत्तर की ओर अग्रसर है। जिसका प्रभाव उत्तरी छत्तीसगढ़ में कम रहने की संभावना है। आसमान में हल्के बादल के साथ मौसम साफ रहने तथा सुबह में कोहरा छाए रहने की संभावना है। वहीं उत्तर की ओर से आ रही शुष्क हवा के कारण अभी एक- दिनों तक तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।

### शहर में अलाव की व्यवस्था नहीं

अंबिकापुर सहित पूरे जिले में कड़ाके की ठंड पडनी शुरू हो गई है। लेकिन अभी तक जिला व निगम प्रशासन द्वारा शहर में कहीं पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। अलाव की व्यवस्था नहीं किए जाने से कडक़ड़ाती ठंड में राहगिरों, रिक्शा चालक, ऑटो चालक सहित अन्य जरूरतमंदों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग कडक़ड़ाती ठंड में ठिठुरने को मजबूर हैं। गांधी चौक व प्रतिक्षा बस स्टैंड में पूरी रात लोगों का आना-जाना लगा रहता है।

# सरगुजा के कांग्रेस नेताओं ने एक सूर में कहा कि पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह को पार्टी से निकाला जाए बाहर



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,10 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।

रामानुजगंज के पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह द्वारा अमर्यादित बयानबाजी को लेकर कांग्रेस के आदिवासी और महिला नेताओं ने पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाने की मांग की है।

पूर्व विधायक खेल साय सिंह, डॉ. प्रीतम राम,महापौर डॉ. अजय तिर्की, जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष जगजीत मिंज, सरगुजा जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, सूरजपुर जिला अध्यक्ष भगवती राजवाड़े, औषधीय पादप बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, पूर्व अध्यक्ष श्रम कल्याण शफी अहमद सहित कांग्रेस नेताओं ने राजीव भवन में पत्रकार वार्ता कर कहा कि चुनाव पूर्व से ही वृहस्पति सिंह लगातार पार्टी फोरम के बाहर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर प्रेस एवं मीडिया के सामने आधारहीन और अपमानजनक शब्दावली में आरोप लगाते रहे हैं। प्रदेश प्रभारी जो कि एक महिला हैं के विरुद्ध उनके द्वारा जिस प्रकार से अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए आरोप लगाया गया है उससे पार्टी के अंदर काफी आक्रोश व्याप्त हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव पर पहले भी उन्होंने निजी हमला किया था। इस बार प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा पर स्तरहीन व्यक्तव्य दिया है। कांग्रेस पार्टी महिलाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। हालांकि पार्टी ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है, लेकिन कार्यकर्ता, इससे संतुष्ट नहीं है। उन्होंने पूर्व विधायक वृहस्पति सिंह के पार्टी से तत्काल निलंबन की मांग की है। कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लीकार्जुन खडगे को इस सम्बंध में पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि बृहस्पति सिंह को पार्टी से तत्काल निलंबित किया जाये। वे मानसिक संतुलन खोकर लगातार अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर बयान दे रहे है। वे आदतन अमर्यादित बयान देते हैं और पार्टी की गरिमा को ठेस पहुँचाते हैं। उनके इस प्रकार के बयानबाजी के कारण कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटता है। ऐसे में तत्काल उन्हें निलंबित कर पार्टी के बाहर का रास्ता दिखाना चाहिये।

CMYK

# जलवायु परिवर्तन मुद्दों से निपटने की पहल,हर देश के लिए लक्ष्य निधारित करने वाला दस्तावेज जारी

**दुबई,10 दिसम्बर 2023।** विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन सीओपी 28 इस साल दुबई में आयोजित हो रहा है। 12 दिसंबर को यह कार्यक्रम समाप्त हो जाएगा, इससे पहले वार्ताकारों ने रविवार को एक मसौदा दस्तावेज जारी किया, जिसमें देशों का जलवायु परिवर्तन से निपटने के अनुकूल प्रयासों और सामूहिक प्रगति पर नजर रखने के लिए मार्गदर्शन किया गया है।

### वैश्विक ताप को सीमित करना लक्ष्य

वर्ष 2015 में पेश पेरिस समझौते ने अनुकूलन पर वैश्विक लक्ष्य (जीजीए) की अवधारणा पेश की, जो वैश्विक शमन लक्ष्य के समानांतर है। इसका उद्देश्य वैश्विक ताप वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक (1850-1900) काल के स्तर के मुकाबले 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है।

### जलवायु परिवर्तन से निपटने...

मसौदा दस्तावेज में कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने में अनुकूलन के लिए आवश्यक वित्त पोषण अपर्याप्त है, लेकिन इसमें अनुकूलन के लिए उपलब्ध निधि और आवश्यक वित्तीय समर्थन के बीच अंतर का स्पष्ट उल्लेख नहीं है।




### प्रभावित गरीब और विकासशील देशों के बीच निराशा

पिछले महीने जारी संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, विकासशील देशों को जलवायु अनूकूलन के लिए हर साल 215-387 अरब डॉलर की आवश्यकता है। वित्त पोषण की इस कमी ने जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित गरीब और विकासशील देशों के बीच निराशा पैदा कर दी है।

### हमारी जिंदगी और आजीविका के लिए खतरा

जाम्बिया के पर्यावरण मंत्री कॉलिन्स नोजू ने शनिवार को अफ्रीकी समूह की ओर से कहा कि अनुकूलन अफ्रीका के लिए अस्तित्व का विषय है। उन्होंने कहा कि अनुकूलन के वैश्विक लक्ष्य पर एक समझौता जलवायु वार्ता सम्मेलन (सीओपी28) से अफ्रीका के लिए सबसे महत्वपूर्ण नतीजा होगा।

उन्होंने कहा, सूखा, तूफान और समुद्र का बढ़ता जल स्तर हमारी जिंदगी और आजीविका के लिए खतरा है। अनुकूलन अंतर रिपोर्ट में कहा गया है कि अंतर सोच से कहीं ज्यादा है। हमें अनुकूलन अंतर खत्म करने के लिए तत्काल कदम उठाना चाहिए।

क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क इंटरनेशनल' में वैश्विक राजनीतिक रणनीति के प्रमुख हरजीत सिंह ने विशिष्ट अनुकूलन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए विकासशील देशों के वास्ते समर्थन बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# अपने ही घर के बाहर बंद हो गए ब्रिटिश पीएम,डच समकक्ष के साथ अंदर जाने का ढूंढते दिखे रास्ता



**लंदन,10 दिसम्बर 2023।** यूनाइटेड किंगडम (यूके) के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक शुक्रवार को बहुत अजीबोगरीब स्थिति में फंस गए थे। नीदरलैंड के प्रधानमंत्री की मेजबानी कर रहे ब्रिटिश पीएम को 10 डाउनिंग स्ट्रीट में स्थित आधिकारिक आवास के बाहर दरवाजा पीटते देखा गया। इस दौरान उनके साथ नीदरलैंड के पीएम मार्क रुट भी थे।

दोनों नेताओं को आधिकारिक आवास के बाहर कुछ देर के लिए बंद कर दिया गया था। ऋषि सुनक अंदर जाने के लिए दरवाजे को धक्का लगाने की भी कोशिश की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

### वीडियो हुआ वायरल

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की गई वीडियो में दोनों नेताओं को आवास की सीढ़ियों पर खड़े देखा जा सकता है। दोनों कुछ देर तक दरवाजे खुलने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन जब दरवाजा नहीं खुला तो पीएम सुनक दरवाजे को धक्का लगाते हुए दिखे। इस दौरान नीदरलैंड के पीएम अंदर जाने के लिए रास्ता ढूंढने की कोशिश करने लगे। हालांकि, थोड़ी देर बाद दरवाजा खुला और दोनों नेता अंदर चले गए।

# ब्रिटेन में बेहद संक्रामक बीमारी का अलर्ट जारी,मरीजों को 100 दिनों तक हो रही खांसी



**लंदन,10 दिसम्बर 2023।** ब्रिटेन में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने एक बेहद संक्रामक बीमारी का अलर्ट जारी किया है और लोगों को सावधान रहने को कहा है। दरअसल यह नई बीमारी है पर्टुसिस या वूपिंग कफ। इस बीमारी में मरीजों को 100 दिनों तक खांसी की समस्या हो रही है। इसमें शुरुआत में सामान्य सर्दी जुकाम के लक्षण दिखाई देते हैं और फिर खांसी की समस्या होती है, जो तीन महीने या करीब 100 दिनों तक चलती है।

### तेजी से बढ़ रहे मामले

ब्रिटेन की हेल्थ सिक्योरिटी एजेंसी ने बताया कि जुलाई से नवंबर के बीच देश में 716 मामले पर्टुसिस के पाए गए। इस बीमारी में फेफड़ों में संक्रमण हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना महामारी के दौरान इस बीमारी के मामले घट गए थे क्योंकि उस दौरान लोगों ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया और लॉकडाउन भी था। अब चूंकि कोरोना महामारी का प्रकोप खत्म हो गया है तो फिर से पर्टुसिस के मामले बढ़ने शुरू हो गए हैं।

### वैक्सीन है उपलब्ध

बता दें कि पर्टुसिस बीमारी में मरीज के फेफड़ों और सांस की नली में संक्रमण हो जाता है। 50 के दशक में इस संक्रमण के चलते बड़ी संख्या में बच्चों की मौत हुई थी लेकिन 1950 में इसकी वैक्सीन आने पर इसके मामले घट गए। अब बच्चों के साथ ही व्यस्कों में भी अब इस बीमारी के मरीज दिख रहे हैं। वहीं 100 दिनों तक खांसी के चलते मरीजों को हर्निया, पसलियों में दर्द, कान में संक्रमण और पेशाब में परेशानी जैसी समस्याएं हो रही हैं। हालांकि इस बीमारी के लिए वैक्सीन उपलब्ध है और इससे बचाव संभव है।



# छठी कक्षा की लड़कियों ने जताई शिक्षा को लेकर चिंता, कहा-हमें आगे पढ़ने से न रोके तालिबान

**काबुल,10 दिसम्बर 2023 ।** अफगानिस्तान में छठी कक्षा में पढ़ने वाली कई लड़कियों ने अगले साल स्कूल नहीं जा पाने को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने तालिबान से लड़कियों को स्कूल जाने से न रोकने का आह्वान किया है।

टोलो न्यूज के मुताबिक, दो साल से ज्यादा समय बीत चुका है और तालिबान ने अब तक छठी कक्षा से ऊपर की लड़कियों के लिए स्कूल फिर से खोलने के संबंध में कोई घोषणा नहीं की है।

जहरा और जैनब ने अभी-अभी छठी कक्षा पूरी की है। वह बताती हैं कि हम तनाव में हैं। छठी कक्षा की छात्रा जैनब ने कहा, हमारे स्कूल का आखिरी दिन बहुत दुखद था। मैं और मेरे सभी सहपाठी रो रहे थे क्योंकि हम अब स्कूल नहीं जा सकते। शिक्षक भी रो रहे थे।

### युवा छात्राओं के सपने टूटे

काबुल विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र के तीसरे वर्ष की छात्रा 23 वर्षीय मदीना ने कहा कि शिक्षा के दरवाजे बंद होने से उसके सपने छिन गए हैं। उनका सपना कानून में मास्टर डिग्री लेना था ताकि वह अफगान लड़कियों के अधिकारों की रक्षा कर सकें, लेकिन मौजूदा सरकार में यह संभव नहीं लग रहा।

# इब्राहिम रईसी ने की व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात

## ईरान के रूस के साथ सहयोग को बताया महत्वपूर्ण



**मॉस्को,10 दिसम्बर 2023।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने मॉस्को में रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक की। इस दौरान राईसी ने ईरान और रूस के बीच बढ़ते संबंधों पर संतोष व्यक्त किया और ईरान की पड़ोस नीति के अनुरूप रूस के साथ सहयोग को महत्वपूर्ण बताया।

रईसी ने इस मुलाकात को 7 दिसंबर को दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों पर संतोष व्यक्त करते हुए इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की पड़ोस नीति के अनुरूप रूस के साथ सहयोग को महत्वपूर्ण बताया।

ऊर्जा, कृषि और ज्ञान-आधारित कंपनियों में ईरान और रूस के बीच सहयोग पर जोर देते हुए, इब्राहिम रईसी ने दोनों देशों के हितों के अनुरूप सहयोग के विकास में और अधिक प्रभावी उपाय करने के लिए अच्छे आधार के बारे में बात की।

पुतिन ने ईरान के व्यापार मेलों में रूसी व्यापारियों के प्रभावशाली स्वागत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ईरानी राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, पिछले साल 5 अरब अमेरिकी डॉलर के कारोबार के साथ दोनों देशों के बीच व्यापार में 20 प्रतिशत की वृद्धि ईरान और रूस के अपने द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय खोलने के दृढ़ संकल्प को इंगित करती है।

### दोनों देशों के बीच हो रही प्रगति

रूसी राष्ट्रपति ने कहा, दोनों देशों के बीच परिवहन, सड़क और रेल परियोजनाओं पर अच्छी प्रगति हो रही है और ऊर्जा क्षेत्र में ईरान और रूस के बीच पिछले सहयोग में भी वृद्धि देखी जा रही है। पुतिन ने ईरान और मॉस्को के बीच संबंधों को सर्वोत्तम स्तर पर बताया।

पुतिन ने ईरानी राष्ट्रपति के मॉस्को दौरे पर संतुष्टि जताते हुए कहा, दोनों देशों के बीच रिश्ते सबसे अच्छे स्तर पर हैं। पुतिन ने कहा कि उनका मानना है कि ईरान के सर्वोच्च नेता के समर्थन से दोनों देशों के बीच संबंध व्यापक और अधिक गतिशील हो जाएंगे।

### फलस्तीन और गाजा के मुद्दे बने चर्चा का विषय

इसके अलावा पुतिन ने बताया कि दोनों देशों ने क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार साझा किए और फलस्तीन और गाजा के मुद्दे पर चर्चा की। बैठक में रईसी ने कहा, मानवता की पीड़ा का कारण एकतरफावाद और अन्यायपूर्ण विश्व व्यवस्था है, जिसकी एक अभिव्यक्ति आज गाजा में देखी जा सकती है।

# जलवायु परिवर्तन पर प्रदर्शन के बीच वेनिस में अचानक हरा हो गया ग्रैंड कैनाल का पानी



**वेनिस,10 दिसम्बर 2023।** इटली के पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने दुबई में सीओपी 28 जलवायु शिखर सम्मेलन में प्रगति में कमी के विरोध में शनिवार को वेनिस के ग्रैंड कैनाल में डाई डालकर उसे हरा कर दिया था। एक्सटिंकशन रेबेलियन ग्रुप के समर्थकों ने कैनाल के ऊपर बने रियाल्टो ब्रिज पर एक बैनर भी दिखाया। इस बैनर पर लिखा था, सीओपी 28¬ सरकार बात कर रही है, हम धागे से लटके हुए हैं।

विरोध प्रदर्शन के बीच हरा हुआ नदियों और कैनाल का पानी

उत्तर में ट्यूरिन के पो से लेकर दक्षिण में रोम के तिबर तक इटली के शहरों के अन्य छोटे छोटे कैनाल और नदियों को भी विरोध प्रदर्शन के लिए हरा कर दिया गया था। एक्सटिंकशन रेबेलियन के एक समर्थक ने कहा, %कुछ घंटों बाद पानी का रंग पहले जैसा हो जाएगा। इस दौरान जब सरकारें बात कर रही है, हम बाढ़ और आग से होने वाले नुकसान और पीड़ितों की गिनती कर रहे हैं।

ग्रुप ने बताया कि उन्होंने फ्लोरेसिन डाई का इस्तेमाल किया था जो बिलकुल भी हानिकारक नहीं है। उद्योगों में पानी में वस्तुओं को ढूंढने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। वेनिस की मेयर लुइगी ब्रुगनारो ने इसकी निंदा की और प्रदर्शनकारियों को दंडित करने के निर्देश दिए। प्रदर्शन के कारण ग्रैंड कैनल में नौकाओं की ट्रैफिक भी लग गई थी।

# टेनेसी में टारनेडो का कहर,छह लोगों की मौत;मौसम विभाग ने फिर जारी की चेतावनी

**वाशिंगटन,10 दिसम्बर 2023 ।** अमेरिका के टेनेसी में टारनेडो ने कहर भरपा दिया है। शनिवार को टारनेडो के कारण छह लोगों की मौत हो गई है, कई लोगों घायल हो गए। इस तूफान के कारण कई घर और दुकानें तबाह हो गई हैं। सोशल मीडिया के जरिए क्लार्क्सविले के मेयर पिट्स ने कहा कि इस टारनेडो के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। साथ ही उन्होंने मदद की जरूरत के लिए एक फोन नंबर साझा किया। पोस्ट के जरिए उन्हें लिखा, आप मदद के लिए 911 नंबर पर कॉल कर सकते हैं। आपको तुरंत मदद मिल जाएगी।

टेनेसी में टारनेडो की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। टारनेडो के चलते शनिवार रात टेनेसी में लगभग 80 हजार से अधिक आवास प्रभावित हुए हैं। टोरनेडो से हुए नुकसान की



तस्वीरें सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही है। जिसमें तबाह हुए घर, बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त दिखाई दे रहे हैं। सड़कों पर गाड़ियां तितर-बितर दिखाई दे रही है।

# गाजा के लोगों को बुरी तरह पीटकर छीन रहे उनका खाना, इस्राइल ने हमास की हरकतों का वीडियो किया साझा

**यरुशलम,10 दिसम्बर 2023।** इस्राइल और हमास के बीच दो महीने से अधिक समय से संघर्ष जारी है। बीते सात अक्तूबर से शुरू हुआ रक्तपात 24 नवंबर को कतर की प्रभावी मध्यस्थता और हस्तक्षेप के बाद कुछ दिनों तक थमा रहा था। हालांकि, एक बार फिर इस्राइल-हमास के बीच युद्ध शुरू हो गया है। इस बीच, इस्राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमास के आतंकवादियों पर नागरिकों को पीटने और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से गाजा को मिली मानवीय सहायता को चुराने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं, यहां तक कहा गया है कि हमास गाजा के लोगों की जरूरतों के ऊपर अपने लक्ष्यों को रखता है।

### यह है मामला

गौरतलब है, हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइल पर हमला कर करीब 240 लोगों को बंधक बना लिया था। वहीं 1200 लोग मारे गए। इसके अलावा, इस्राइल की जवाबी कार्रवाई में गाजा पट्टी में 15000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

### लोगों को पीटा जा रहा

आईडीएफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा की है, जिसमें कुछ लोगों को अज्ञात द्वारा पीटा जा रहा है। साथ ही कुछ व्यक्ति वाहनों में सामग्री



रखते दिखे। इसके साथ ही अधिकारियों ने कहा कि हमास के सदस्य नागरिकों को पीटते हैं और इस्राइल और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से प्राप्त मानवीय सहायता को चुराते हैं। इतना ही नहीं, अपने लक्ष्यों को यह गाजा के लोगों की जरूरतों से ऊपर रखते हैं। वहीं आईडीएफ का कहना है कि अल-मवासी गाजा में मानवीय क्षेत्र है, जिसका उद्देश्य लोगों को युद्ध के मैदान से दूर रखना है। पर हमास इन लोगों को गोलीबारी के दौरान आगे रखता है।

### मानवीय क्षेत्र से दर्जनों रॉकेट दाग रहे

एक्स पर साझा किए गए एक पोस्ट में आईडीएफ ने कहा कि अल-मवासी गाजा में मानवीय क्षेत्र है, जिसका मतलब नागरिकों को युद्ध के मैदान से दूर रखना है। लेकिन हमास गाजा के लोगों को मरने के लिए आगे खड़ा कर देता है। वे मानवीय क्षेत्र से दर्जनों रॉकेट दागते हैं। इतना ही नहीं, यह रॉकेट अक्सर गलत तरीके से छोड़े जाते हैं, जिससे गाजा के लोगों की जिंदगी खतरे में रहती है।

### हमास के कई सदस्यों ने किया आत्मसमर्पण

इससे पहले आईडीएफ ने कहा था कि हमास के आतंकवादी आईडीएफ बलों पर गोलीबारी करने के लिए बेत हनौन में स्कूल और एक मस्जिद का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस बीच, आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि हमास के कई सदस्यों ने शनिवार को गाजा पट्टी में सैनिकों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने कहा कि शेजैया और जबलिया में आत्मसमर्पण करने वाले आतंकवादियों ने उन्हें हथियार और उपकरण सौंपे। इसके अलावा उन्होंने खुफिया जानकारी भी साझा की।

## सार-समाचार

### यूपी में कार-ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की जलकर मौत

**बरेली,10 दिसम्बर 2023।** उत्तर प्रदेश के बरेली-नैनीताल राजमार्ग पर डंपर और कार के बीच टक्कर में आठ लोगों की जलकर मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हादसा शनिवार रात को हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हादसा टायर फटने के कारण हुआ, जिसके बाद दूसरी तरफ उत्तराखंड के किच्छा से रेत-बजरी लेकर आ रहे एक डंपर से टक्कर हो गई।टक्कर के बाद जोरदार विस्फोट हुआ, जिससे वाहनों में आग लग गई।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस बीच फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि, अंदर से लॉक होने के कारण कार के अंदर फंसे सभी यात्री जिंदा जल गए।हादसा उस वक्त हुआ जब कार सवार आठ लोग बरेली से बहेड़ी लौट रहे थे।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने कार में सवार सभी लोगों की मौत की पुष्टि की।

### कश्मीर में रात का तापमान शून्य से नीचे, शीतलहर जारी

**श्रीनगर,10 दिसम्बर 2023।** कश्मीर घाटी में रविवार को रात का तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे रहा। बर्फ से ढके पहाड़ों के भीतरी इलाकों में शीत लहर जारी है।रविवार को श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि गुलमर्ग में शून्य से 4.2 डिग्री नीचे और पहलगाम में शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। लद्दाख क्षेत्र में, लेह में रविवार को न्यूनतम तापमान माइनस 14.1, कारगिल में माइनस 10 और द्रास में माइनस 11.4 रहा।जम्मू में 7.1, कटरा में 7.5, बटोटे में 2.5 जबकि भद्रवाह और बनिहाल दोनों में न्यूनतम तापमान 0.2 रहा। मंगलवार से दो दिनों तक जम्मू-कश्मीर में हल्की बारिश/बर्फबारी होने की संभावना है।

### ज्ञानवापी से मस्जिद हटाने के लिए मुकदमा दायर करने वाले हरिहर पांडेय का निधन, 77 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**काशी,10 दिसम्बर 2023।** काशी की ज्ञानवापी परिसर से मस्जिद हटाने का केस लड़ने वाले हरिहर पांडेय का निधन हो गया है। कुछ समय से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। बीएचयू स्थित सर सुंदरलाल हॉस्पिटल में उन्होंने रविवार को 77 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। हरिहर पांडेय ने साल 1991 में ज्ञानवापी से मस्जिद को हटाने के लिए सिविल कोर्ट में एक मुकदमा दायर किया था। इसमें उनके साथ सोमनाथ व्यास और संपूर्णानंद विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे रामरंग शर्मा शामिल थे।

### अक्षय, शाहरुख और अजय देवगन को केंद्र सरकार का नोटिस, गुटखा कंपनियों के विज्ञापन के मामले में कार्रवाई

**लखनऊ,10 दिसम्बर 2023।** केंद्र सरकार की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच को सूचित किया गया है कि अभिनेता अक्षय कुमार, शाहरुख खान और अजय देवगन को नोटिस जारी किया गया है। 'गुटखा' कंपनियों के विज्ञापन करने के मामले में यह नोटिस जारी हुआ है। केंद्र सरकार के वकील ने हाईकोर्ट को यह भी बताया कि इसी मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट भी सुनवाई कर रहा है, इसलिए तत्काल याचिका खारिज कर दी जानी चाहिए। इसके बाद बेंच ने 9 मई 2024 को सुनवाई तय की। जस्टिस राजेश सिंह चौहान की बेंच ने एक अवमानना याचिका पर आदेश पारित किया, जिसमें कहा गया है कि हाईकोर्ट ने सितंबर 2022 में केंद्र सरकार को याचिकाकर्ता के प्रतिनिधित्व पर निर्णय लेने का निर्देश दिया था, जिन्होंने दलील दी थी कि इन अभिनेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए जिन्हें उच्च सम्मान दिए गए हैं, लेकिन वे गुटखा कंपनियों के लिए विज्ञापन कर रहे हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि 22 अक्टूबर को सरकार को प्रतिवेदन दिया गया था, लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव को नोटिस जारी किया था।

# अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट सुनाएगा निर्णय

## चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को होगा फैसला

**नई दिल्ली,10 दिसम्बर 2023।** उच्चतम न्यायालय पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने संबंधी केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को अपना निर्णय सुनाएगा। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई 11 दिसंबर (सोमवार) की सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ फैसला सुनाएगी। पीठ के अन्य सदस्य न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर



### केंद्र ने 370 को लेकर दिया था यह तर्क

अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का विरोध करने वाले कुछ याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि इस प्रावधान को निरस्त नहीं किया जा सकता था क्योंकि जम्मू और कश्मीर संविधान सभा का कार्यकाल 1957 में पूर्ववर्ती राज्य के संविधान का मसौदा तैयार करने के बाद समाप्त हो गया था। उन्होंने कहा था कि संविधान सभा के विलुप्त हो जाने से अनुच्छेद 370 को स्थायी दर्जा मिल गया है। केंद्र ने तर्क दिया था कि पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले प्रावधान को रद्द करने में कोई संवैधानिक धोखाधड़ी नहीं हुई थी।

**पांच सितंबर को मामले में रखा फैसला सुरक्षित**- शीर्ष अदालत ने 16 दिनों की सुनवाई के बाद पांच सितंबर को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का बचाव करने वालों और केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ताओं हरीश साल्वे, राकेश द्विवेदी, वी गिरि और अन्य की दलीलों को सुना था। याचिकाकर्ताओं की ओर से कपिल सिब्बल, गोपाल सुब्रमण्यम, राजीव धवन, जफर शाह, दुष्यंत दवे और अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने बहस की थी। केंद्र सरकार ने पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को पांच अगस्त 2019 को निरस्त कर दिया था और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों-जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया था।

## सोमवार को Viksit Bharat @w®y| योजना को लॉन्च करेंगे प्रधानमंत्री मोदी, युवाओं को मिलेगा नया मंच



**नई दिल्ली,10 दिसम्बर 2023।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत 2047 वॉयस ऑफ यूथ लॉन्च करेंगे। इस अवसर पर पीएम मोदी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और देश भर के राजभवनों में आयोजित कार्यशालाओं में संस्थानों के प्रमुख और संकाय सदस्य को संबोधित करेंगे। पीएमओ की एक विज्ञप्ति के अनुसार, पीएम मोदी का दृष्टिकोण देश के युवाओं को देश की राष्ट्रीय योजनाओं, प्राथमिकताओं और लक्ष्यों के निर्माण में सक्रिय रूप से शामिल करना है। पीएमओ ने कहा,इस दृष्टिकोण के अनुरूप,विकसित भारत 2047- युवाओं की आवाज पहल देश के युवाओं को विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए एक मंच प्रदान करेगी।

### क्या है विकसित भारत 2047 का लक्ष्य ?

ये वर्कशॉप विकसित भारत 2047 के अपने विचारों और सुझावों को साझा करने के लिए युवाओं को शामिल करने की प्रक्रिया शुरू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होंगी। विकसित भारत 2047 का लक्ष्य भारत को उसकी आजादी के 100वें वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है। इस दृष्टिकोण में विकास के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है, जिनमें आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, पर्यावरणीय स्थिरता और सुशासन शामिल हैं।

# असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा का एलान

## एनआरसी लिस्ट से हटाए जाएंगे फर्जी नाम



**गुवाहाटी (असम),10 दिसम्बर 2023।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने हृ्रष्ट सूची में शामिल नामों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि असम सरकार एनआरसी की सूची में शामिल उन लोगों के नाम हटाएगी, जिन्होंने फर्जी तरीके से अपना नाम दर्ज कराया था।

सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि हम एक योजना बना रहे हैं, जिन लोगों ने फर्जीवाड़ा करके एनआरसी में अपना नाम दर्ज कराया था। हम उन नामों के नाम को एनआरसी सूची से हटाएंगे। इसके लिए हमने विशेषज्ञों से बात करना शुरू कर दिया है। सीएम सरमा ने ये बयान गुवाहाटी के पश्चिम बोरागांव में आयोजित स्वाहिद दिवस कार्यक्रम के दौरान दिया। असम में खड़गेश्वर तालुकदार की याद में 10 दिसंबर को शहीद दिवस मनाया जाता है। वह 1979 में असम आंदोलन में शहीद होने वाले पहले शख्स थे।

### असम आंदोलन के महान शहीदों को करते हैं नमनःहिमंत

हिमंत बिस्वा ने कहा कि आज 10 दिसंबर है और असम आंदोलन के पहले शहीद खड़गेश्वर तालुकदार ने समुदाय के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया था। मैं असमिया समुदाय की ओर से खड़गेश्वर तालुकदार और असम आंदोलन के 860 अन्य शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। सीएम हिमंत ने कहा कि स्वाहिद दिवस पर हम असम आंदोलन के महान शहीदों को नमन करते हैं। इस वीरतापूर्ण आंदोलन में उनके बलिदान ने हमारी विविध और अनूठी संस्कृति को संरक्षित रखा। उनका जुनून और समर्पण हमेशा हमारे पथ को रोशन करेगा।

### एनआरसी लिस्ट में शामिल नामों में फर्जीवाड़े का लगा आरोप

सीएम सरमा का बयान ऐसे समय में आया है, जब एनआरसी लिस्ट में शामिल नामों को लेकर यह आरोप लगा था कि फर्जीवाड़ा कर बड़ी संख्या में इसमें लोगों के नाम शामिल किए गए थे। बदरुद्दीन अजमल ने राज्य में एनआरसी के कारण जनता को होने वाली समस्याओं के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया था।

# 350 करोड़ रुपये की लागत से राजमुंदरी एयरपोर्ट का होगा विस्तार,सिंधिया ने रखी नए टर्मिनल भवन की आधारशिला

**राजमुंदरी (आंध्र प्रदेश),10 दिसम्बर 2023।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने नए टर्मिनल भवन का भी निरीक्षण किया। दरअसल, राजमुंदरी भारत के तेजी से बढ़ते शहरों में से एक है और आंध्र प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी है। राजमुंदरी एयरपोर्ट 1223.46 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। राजमुंदरी वर्तमान में तीन शहरों यानी हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु से जुड़ा हुआ है और प्रति सप्ताह 126 उड़ानों की आवाजाही संभालता है।




### 4065 वर्ग मीटर में फैला टर्मिनल भवन

हवाई अड्डे का वर्तमान टर्मिनल भवन 4065 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। जो व्यस्त समय के दौरान 225 यात्रियों और सालाना चार लाख यात्रियों की सेवा करने में सक्षम है। एयरपोर्ट पर दो एटीआर-72 और चार ए-320 की पार्किंग का इंतजाम है।

### 350 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा विस्तार

इस एयरपोर्ट पर यात्री यातायात की तेज बढ़ोतरी और मौजूदा टर्मिनल भवन को देखते हुए 17,029 वर्ग मीटर के अतिरिक्त क्षेत्र में टर्मिनल भवन का विस्तार करने की योजना बनाई गई है। राजमुंदरी एयरपोर्ट का विस्तार 350 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इस टर्मिनल बिल्डिंग का कुल क्षेत्रफल 21,094 वर्गमीटर हो जाएगा, जो पीक आवर्स के दौरान 2100 यात्रियों और सालाना 30 लाख यात्रियों को सेवाएं दे पाएगा।

### एयरपोर्ट के प्रस्तावित विस्तार में मिलेंगी ये सुविधाएं

एयरपोर्ट के प्रस्तावित विस्तार में 28 चेक-इन-काउंटर, आगमन के लिए चार कन्वेयर बेल्ट, आठ एक्स-बीआईएस मशीनें, तीन एयरोब्रिज और पर्याप्त संख्या में एफ एंड बी और रिटेल आउटलेट जैसी यात्री सुविधाएं होंगी। इस नए टर्मिनल भवन में सुगम्य भारत अभियान के मानकों के अनुसार दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं भी शामिल की गई हैं। एयरपोर्ट का शहर की तरफ का क्षेत्र भी 600 कारों की पार्किंग के लिए अपग्रेड किया जाएगा।

# यूपी-बिहार में कोहरे के साथ बढ़ेगी ठंड,आईएमडी ने कई राज्यों के लिए जारी किया बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली,10 दिसम्बर 2023।** दिल्ली-एनसीआर में सर्द हवाओं के साथ ठंडक का एहसास बढ़ रहा है। शीतलहर चलने से तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। भारत मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी बांग्लादेश और उससे जुड़े इलाकों पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। 11 दिसंबर से एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय को प्रभावित करेगा। दक्षिण राज्यों में पिछले 24 घंटों के दौरान, केरल और आंतरिक तमिलनाडु में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुई। इसके अलावा केरल, तटीय कर्नाटक, तमिलनाडु, लक्षद्वीप, रायलसीमा और नागालैंड में (9 दिसंबर) को हल्की से मध्यम बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 10 और 11 दिसंबर को पांच राज्यों के अलग-अलग इलाकों में कोहरे का अलर्ट जारी



किया है। जहां पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा छाया रहा और बिहार के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा। आईएमडी के एक बयान के अनुसार, 10 और 11 दिसंबर को उत्तरी मध्य प्रदेश, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय के अलग-अलग हिस्सों में सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश बिहार और पूर्वोत्तर भारत में मध्यम से घना कोहरा छा सकता है।

### पश्चिम बंगाल और सिक्किम में ओलावृष्टि की संभावना

आईएमडी के बयान में कहा गया है कि 12 दिसंबर को उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि की भी संभावना है। साथ ही, मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि पिछले कुछ दिनों में तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश राज्यों को तबाह करने वाला चक्रवाती परिसंचरण मिचौंग अब कमजोर हो गया है और झारखंड में कम दबाव वाले क्षेत्र में बदल गया है।

### बिहार में तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी

बिहार में चक्रवाती तूफान मिचौंग के बाद राज्य के मौसम का मिजाज बदला है। पछुआ हवा चलने की वजह से न्यूनतम तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी है। बारिश का सिलसिला खत्म होते ही घना कोहरा का प्रभाव राज्य में बना रहेगा। 48 घंटों के दौरान पटना सहित अधिसंख्य भागों के न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस गिरावट की संभावना है। इनके कारण ठंड में वृद्धि के आसार हैं।

### पंजाब में बढ़ रही है ठिठुरन

पंजाब में बढ़ती ठंड से लोग को घरों में रहने लिए मजबूर हैं। कोहरे की वजह से वाहनों की रफ्तार भी धीमी पड़ गई है। कोहरे के कारण वाहन चलाने में भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आज दिन में धूप खिलने के साथ-साथ आसमान में बादल छाए रहेंगे। वहीं पूर्वानुमान के अनुसार अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जाएगा।

## केरल में बढ़े कोरोना के मामले

# कोरोना की आहट! पिछले 24 घंटे में सामने आए 166 नए मामले




**नई दिल्ली,10 दिसम्बर 2023।** देश में एक बार फिर कोविड-19 ने दस्तक दे दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में रविवार को 166 कोविड -19 के नए मामले सामने आए हैं। देश में इस समय कुल सक्रिय मामलों की संख्या 895 है। सबसे ज्यादा ताजा मामले केरल में सामने आए। सर्दियों की वजह से इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियां फैल रही है, जिसकी वजह से कोविड के मामले में बढ़ोतरी दर्ज होने की आशंका है।

### देश में कोविड की वजह से पांच लाख से ज्यादा लोगों की मौत

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक भारत में अब तक कोरोना वायरस से 4 करोड़ 50 लाख 2 हजार मामले सामने आए। वहीं कोरोना से मरने वालों की संख्या 5 लाख 33 हजार 306 है। बता दें कि अब तक देशभर में कोविड वैक्सीन की 220.67 करोड़ खुराक लगाई गई है।

# जयपुर में मर्डर,कनाडा में मास्टरमाइंड,चंडीगढ़ में गिरफ्तारी,सुखदेव सिंह की हत्या की साजिश का खुलासा


### जाल बिछाकर क्राइम ब्रांच ने की कार्रवाई

बता दें कि शनिवार रात को करीब 7:30 बजे ये तीनों कमल रिसोर्ट पहुंचे थे। इन्होंने एक ऑटो किराए पर लिया हुआ था। ऑटो चालक को इन्होंने बताया था कि वह मनाली से आए हैं और अब उन्हें चंडीगढ़ घूमना है। कुछ देर वे होटल में रुके। नहा धोकर उन्होंने थोड़ा आराम किया और फिर घूमने जाने के लिए रिजॉर्ट से नीचे उतरे। वहीं, पहले से ही उनका इंतजार कर रही दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम ने उनको गिरफ्तार कर लिया।

### नितिन फौजी ने पुलिस के आगे उगले राज

दरअसल, गोगामेड़ी हत्याकांड का मेन मास्टरमाइंड विदेश में बैठा रोहित गोदारा है। उसने सुखदेव सिंह की हत्या की जिम्मेदारी वीरेंद्र चारण को दी थी। पुलिस के सामने नितिन फैजी ने इन सभी बातों की जानकारी दी और यह भी बताया कि रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण ने इस हत्या में उसका इस्तेमाल किया। नितिन फौजी को कनाडा का स्थायी निवास का लालच दिया गया था।

**नई दिल्ली,10 दिसम्बर 2023।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या की लिंक एक नहीं बल्कि चार राज्यों से जुड़े हैं। पुलिस ने हत्या के मामले को लेकर दो शूटर समेत अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राजस्थान पुलिस और दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने आरोपियों को चंडीगढ़ से धर-दबोचा है। आरोपियों की पहचान रोहित राठौड़, नितिन फौजी तथा उधम सिंह के रूप में हुई है, जिन्हें चंडीगढ़ से अरेस्ट किया गया है। हालांकि, कुछ दिनों पहले ही पुलिस ने रोहित राठौड़, नितिन फौजी की तस्वीरों को शेयर कर दिया था।



### उधम सिंह ने मुहैया कराए हथियार

जानकारी के मुताबिक, नितिन फौजी महेंद्रगढ़ और रोहित राठौड़ मकराना राजस्थान का रहने वाला है। इन्हें भगाने,हथियार मुहैया कराने और शरण देने के आरोप में पुलिस ने उधम सिंह को भी गिरफ्तार किया है। उधम सिंह हिसार का रहने वाला है। वारदात को अंजाम देने के बाद ये आरोपी पहले हरियाणा आए फिर हिमाचल प्रदेश गए उसके बाद चंडीगढ़ के एक होटल में आकर छिपे थे।

### चंडीगढ़ से गिरफ्तार हुए आरोपी

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है और 3 आरोपियों को राजस्थान पुलिस और दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अरेस्ट कर लिया है। आरोपियों की पहचान रोहित राठौड़, नितिन फौजी तथा उधम सिंह के रूप में हुई है जिन्हें चंडीगढ़ से अरेस्ट किया गया है।

# बृहस्पति के बाद अब विनय जायसवाल को भी शो-कॉज जारी

» पीसीसी ने पूछा-तथ्यहीन आरोप क्यों लगाए,तीन दिनों में जवाब दें...

» संगठन और सिंहदेव पर गंभीर आरोप लगाने वाले बृहस्पति सिंह के बाद विनय जायसवाल को भी शो कॉज जारी

» कार्यकर्ताओं ने की बृहस्पति और विनय को पार्टी से बाहर करने की माँग।

-संवाददाता-

**मनेन्द्रगढ़,10 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बृहस्पति सिंह के बाद विनय जायसवाल को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब तलब किया है। बृहस्पति सिंह और विनय जायसवाल दोनों ही विधायक थे, लेकिन कांग्रेस ने उनकी टिकट काट कर नए चेहरों को मौक़ा दिया था। भूपेश बघेल के बेहद करीबी इन दो चेहरों ने संगठन प्रभारी कुमारी सैलजा, संगठन के प्रभारी सचिव चंदन यादव पर गंभीर आरोप लगाए। दोनों ने ही दिग्गज कांग्रेस नेता टी एस सिंहदेव पर भी आरोप लगाए। बृहस्पति सिंह को 9 दिसंबर को जबकि विनय जायसवाल को 10 दिसंबर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पीसीसी के तल्ख़ तेवर के पहले ही बृहस्पति सिंह और विनय जायसवाल को पार्टी से बाहर किए जाने की माँग सामने आ चुकी है।

### क्या कहा था बृहस्पति और विनय जायसवाल ने

रामानुजगंज से पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह ने संगठन प्रभारी कुमारी सैलजा और टी एस सिंहदेव को प्रदेश में हार का जवाबदेह बताया।

बृहस्पति सिंह ने कहा कुमारी सैलजा हीरोइन की तरह चश्मा पहन कर फ़ोटो खिचवा रही थीं। सिंहदेव को पार्टी से बाहर कर देना चाहिए।

मनेंद्रगढ़ से पूर्व विधायक डॉ विनय जायसवाल ने बृहस्पत सिंह के बयान के ठीक बाद बयान जारी किया और सिंहदेव के साथ साथ संगठन के प्रभारी सचिव चंदन यादव पर आरोप लगा दिया। विनय जायसवाल ने आरोप लगाया कि प्रभारी सचिव चंदन यादव ने उनसे सात लाख रुपये लिए हैं। विनय जायसवाल ने कहा मुझसे चंदन यादव ने सात लाख रुपये लिए, फ़र्ज़ी सर्वे का डर दिखाया गया। जीतने योग्य प्रत्याशी की टिकट काटी गई और राजपरिवार के दरबारी को टिकट दी गई।÷

पीसीसी ने जारी किया शो कॉज

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इस बयान के बाद बृहस्पति और विनय जायसवाल को शो कॉज जारी कर दिया है। दोनों को ही तीन दिनों का समय दिया गया है कि,वे जवाब दें।



### बृहस्पति और विनय जायसवाल दोनों ही घिरे

बृहस्पति सिंह और विनय जायसवाल ने आरोप तो लगा दिए लेकिन उसके तुरंत बाद बुरी तरह घिर गए। बृहस्पति सिंह के शब्दों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए विधायक कविता प्राण लहरे ने संगठन प्रभारी कुमारी सैलजा के लिए कहे शब्दों को दलित महिला का अपमान बताते हुए तत्काल कांग्रेस से निकालने की माँग की। रामानुजगंज से कांग्रेस प्रत्याशी रहे डॉ अजय तिर्की ने चुनाव में बृहस्पति की भुमिका पर सवाल उठाया और उनके बयान को मानसिक दिवालियेपन का प्रतीक बताते हुए पार्टी से बाहर किए जाने की माँग कर दी। अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह और बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेष पांडेय ने भी बृहस्पति के बयान पर गहरी नाराज़गी जताई।

डॉ विनय जायसवाल के बयान के बाद मनेंद्रगढ़ में कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, भरतपुर से कांग्रेस के पूर्व विधायक गुलाब कमरों और मनेंद्रगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी रमेश सिंह ने डॉ विनय जायसवाल को लेकर जमकर घेर दिया। रमेश सिंह ने कांग्रेस की हार के लिए विनय जायसवाल और उनकी पत्नी जो कि महापौर हैं समेत उनके समर्थकों की भुमिका को सवालों में खड़ा किया।गुलाब कमरों ने सवाल किया कि, जिस सर्वे पर विनय जायसवाल सवाल खड़ा कर रहे हैं उसी सर्वे के आधार पर उन्हे ( गुलाब कमरों ) टिकट दी गई। तीनों ही नेताओं ने कहा डॉ विनय जायसवाल ने खुले तौर पर बीजेपी का साथ दिया। उन्होंने कांग्रेस के नुक़सान में अहम भुमिका निभाई और खुद ही आरोप लगा रहे हैं।उन्हें पार्टी से तत्काल बाहर किए जाने की जरुरत है।

### विनय ने कहा तीन दिन बाद बात करुंगा

माडिया में सनसनीखेज़ आरोप लगाने के बाद जबकि डॉ विनय जायसवाल को शो कॉज जारी हुआ तो द हिट ने उनसे पूरे मसले पर संवाद के लिए समय माँगा। इस पर विनय जायसवाल ने कहा मैं तीन दिन बाद विस्तार से बात करुंगा, अभी पारिवारिक व्यस्तताएँ हैं।

### विनय जायसवाल का वीडियो वायरल

डॉ विनय जायसवाल ने कांग्रेस के प्रभारी सचिव चंदन यादव पर सात लाख रुपए लेने का आरोप लगाया,आरोप उन्होंने टी एस सिंहदेव पर भी लगाया। डॉ विनय जायसवाल ने कहा है कि,कांग्रेस को हराने में संगठन के प्रभारी और सिंहदेव की भुमिका पूरी तरह थी। लेकिन कांग्रेस की हार के लिए प्रदेश के शीर्षस्थ नेताओं को जवाबदेह बताने वाले डॉ विनय जायसवाल का वीडियो वायरल है, जिसमें वे बीजेपी प्रत्याशी श्यामबिहारी जायसवाल के गले मिलकर यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि, उनको ( श्यामबिहारी ) पूरा समर्थन है। बताया गया है कि, यह वीडियो तब बना था जबकि, जनसंपर्क के लिए बीजेपी प्रत्याशी श्यामबिहारी जायसवाल,डॉ विनय जायसवाल के घर पहुँचे थे।

# बलरामपुर में तेज रफ्तार ट्रैक्टर का कहर

**बलरामपुर में भयानक सड़क हादसे में एक शख्स की मौत हो गई. यहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई. घटना के बाद से ट्रैक्टर चालक मौके से फरार है.**

-संवाददाता-

**बलरामपुर,10 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** बलरामपुर में शनिवार रात भयानक सड़क हादसा हुआ. तेज रफ्तार की वजह से यह हादसा हुआ है। यहां ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक शख्स की मौत हो गई. वहीं, घटना के बाद से ही ट्रैक्टर चालक फरार है. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

बलरामपुर में तेज रफ्तार का कहर~ ग्राम पंचायत पिपरपान में शनिवार रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई. तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर अचानक सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। इससे ट्रैक्टर के नीचे दबने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सनावल पुलिस अब पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।




### अपने दोस्त के साथ जा रहा था युवकः

बताया जा रहा है कि शनिवार रात कुंडपान के रहने वाले युवक मानक सिंह मरकाम अपने एक दोस्त के साथ ट्रैक्टर पर बैठकर पिपरपान जा रहा था तभी अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया. ट्रैक्टर के नीचे दबने से मानक सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

पिता ने बताया कि मेरा बेटा शनिवार शाम बाइक से बस्ती की तरफ चला गया। वहां अपनी बाइक खड़ी करके ट्रैक्टर पर बैठकर जा रहा था. तभी देर रात ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से मेरे बेटे की मौत हो गई. शव को पोस्टमार्टम के लिए लेकर गए हैं।-

**शिवशरण मरकाम,**
मृतक के पिता

### जांच में जुटी पुलिस

मानक सिंह मरकाम के शव को पोस्टमार्टम के लिए रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। बता दें कि हादसे के बाद आरोपी फरार है. जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

## नव निर्वाचित विधायक रामकुमार टोप्पो ने अस्पताल पहुंच मरीजों को वितरित किए फल

**स्वास्थ्य प्रबंधन की समस्या दूर करने दिया आश्वासन**

-संवाददाता-

**मैनपाट,10 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** सीतापुर विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक रामकुमार टोप्पो के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सीतापुर का औचक निरीक्षण करते हुए मरीजों और उसके परिजनों से भी बातचीत कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मरीजों को फल भी वितरित किया। उन्होंने स्वास्थ्य अमले को मरीजों का बेहतर ढंग से देखभाल करने निर्देश देते हुए कहा कि चिकित्सक कमियों के बारे में भी खुलकर जानकारी दें। जो भी कमियां होगीं उसे दूर कराने प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर चिकित्सक सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों के द्वारा उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उन्होंने मरीजों से भी कमियों की जानकारी ले बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराने आश्वासन दिया।



## डीएफओ के अवकाश में जाते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी हुआ नदारद




-राजा मुखर्जी-

**कोरबा,10 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** जिले में विगत कुछ महीनों से हाथियों का आवागमन लगातार बना हुआ है । जिले के वनमंडल कटघोरा में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। वही एतमानगर रेंज में 36 हाथियों का झुंड घूम रहा है।इन झुंडों में से एक घायल हाथी भी अलग से गुरसियां के जंगल में विचरण कर रहा है। वही डीएफओ कुमार निशांत हाथी के इलाज की व्यवस्था ना कर अवकाश पर चले गए हैं। इसके बाद वन अमले की मनमानी बढ़ गई है। लोगों को समय पर हाथियों के घूमने की सूचना भी नहीं मिल रही है। वही एतमा नगर के साथ ही केंदई व पसान रेंज में भी हाथियों का झुंड घूम रहा है। लेकिन सबसे अधिक 36 हाथी गुरसियां के जंगल में ही हैं। वही यहां के रेंजर को हाथी की निगरानी की जिम्मेदारी मिली है। लेकिन डीएफओ के अवकाश में जाते ही वे गायब हो गए हैं। बता दें कि कुछ दिन पूर्व दो हाथियों में आपसी लड़ाई में एक हांथी हो गया था चोटिल जिसे वन विभाग द्वारा गुड़ के साथ दवा मिलाकर दिया जा रहा था । इस सम्पूर्ण प्रक्रिया के पश्चात रेंज के डीएफओ अवकाश में गए हुए है। उनके जाते ही रेंज के रेंजर भी अपने रेंज से हुए गायब जबकि अब कटघोरा रेंज में हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है । ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का झुंड रोज फसल को नुकसान पहुंचा रहा है। वही वन अमला भी गांव में मुनादी कर लौट जाता है। लगातार हाथियों के मौजूदगी से गांव वाले भी अपनी सुरक्षा स्वयं ही कर रहे हैं। जबकि यह जिम्मेदारी वन परिक्षेत्र के रेंजर का है।

# एनटीपीसी ने ब्रैंडन हॉल ग्रूप के प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता पुरस्कारों में जीते दो रजत पुरस्कार

-संवाददाता-

**कोरबा,10 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी एनटीपीसी को 07 दिसंबर, 2023 को आयोजित एक ऑनलाइन प्रसारण में ब्रैंडन हॉल ग्रुप के उत्कृष्टता प्रौद्योगिकी पुरस्कार 2023 में विजेता घोषित किया गया ।एनटीपीसी भारत में दोहरी प्रशंसा हासिल करने वाला एकमात्र सार्वजनिक उपक्रम है। कंपनी को दो अलग-अलग श्रेणियों में प्रतिष्ठित रजत पुरस्कार प्राप्त हुआ है ।पहला ÷कॉर्पोरेट वेलबीइंग टेक्नोलॉजी में सर्वश्रेष्ठ एडवांस और दूसरा संवर्धित और आभासी वास्तविकता में सर्वश्रेष्ठ एडवांस।÷ यह पुरस्कार मान्यता नवाचार और तकनीकी उत्कृष्टता के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, जो इसे कॉर्पोरेट के भलाई और व्यापक प्रौद्योगिकियों में प्रगति में सबसे आगे रखती है। व्यक्तिगत केंद्रित स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को डिजाइन करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के अपने प्रयासों के लिए एनटीपीसी द्वारा कॉर्पोरेट वेलबीइंग टेक्नोलॉजी में सर्वश्रेष्ठ उन्नति श्रेणी में रजत पुरस्कार जीता गया, जो एनटीपीसी साइटों की विविधता और दूरदर्शिता से उत्पन्न सीमाओं को पार करता है और प्रभावी चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है। सभी स्थानों पर सभी कर्मचारियों के लिए, जिससे कर्मचारियों को कंपनी के लक्ष्यों की प्राप्ति में पूर्ण योगदान देने में सुविधा होगी। इसका एक उदाहरण सितंबर, 2023 में नौ एनटीपीसी स्टेशनों पर क्रांतिकारी टेली-परामर्श, टेली-आईसीयू और टेली-आपातकालीन सेवाओं की शुरुआत के सहयोग से कर्मचारियों और आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल, पहुंच और सेवाओं को बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है।

नवीन प्रौद्योगिकियों को अपनाने में अग्रणी होने के लिए एनटीपीसी द्वारा ÷संवर्धित और आभासी वास्तविकता में सर्वश्रेष्ठ प्रगति÷ श्रेणी में रजत पुरस्कार जीता गया।कोविड के झटके, संगठन की बढ़ती व्यावसायिक ज़रूरतें और कई व्यावसायिक प्रक्रियाओं के वर्चुअलाइजेशन के बाद, एनटीपीसी को एहसास हुआ कि एआर/वीआर उसके कार्यबल की क्षमता निर्माण को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। इस दिशा में, एनटीपीसी में 'आईगुरु' के तहत कई एआर/वीआर पहल लागू की गई हैं। शुरुआत में एक पायलट प्रोजेक्ट लागू किया गया और इसके उत्साहजनक परिणाम मिले। इसलिए, विभिन्न बिजली संयंत्रों में फैले सभी प्रशिक्षण केंद्रों पर उपकरणों और मॉड्यूल की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ कई 'आईगुरु' लैब बनाए गए। संकाय सदस्यों को प्रशिक्षित करने के लिए 'ट्रेन द ट्रेनर' कार्यक्रम की व्यवस्था की गई। व्यवस्थित दृष्टिकोण के साथ इस तकनीकी समाधान ने प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण सुधार प्रदान किए हैं जिससे कार्यबल के कौशल सेट में वृद्धि हुई है, जिससे संगठन की व्यावसायिक ज़रूरतें काफी हद तक पूरी हो गई हैं।

अमेरिका स्थित ब्रैंडन हॉल ग्रुप एक पेशेवर विकास कंपनी है जो लर्निंग और टैलेंट अधिकारियों और संगठनों को डेटा, अनुसंधान, अंतर्दृष्टि और प्रमाणन प्रदान करती है। 30 से अधिक वर्षों से, ब्रैंडन हॉल समूह ने 10 मिलियन से अधिक कर्मचारियों और अधिकारियों के विकास को प्रभावित करते हुए, दुनिया भर के संगठनों में उत्कृष्टता को सशक्त, मान्यता और प्रमाणित किया है। उनका एचसीएम उत्कृष्टता पुरस्कार कार्यक्रम सीखने और प्रतिभा के लिए संगठनों को मान्यता देने वाला पहला था और यह स्वर्ण मानक है, जिसे मानव पूंजी प्रबंधन अकादमी पुरस्कार÷ के रूप में जाना जाता है। पुरस्कार उन सर्वश्रेष्ठ संगठनों को मान्यता देते हैं जिन्होंने कार्यक्रमों, रणनीतियों, तौर-तरीकों, प्रक्रियाओं, प्रणालियों और उपकरणों को सफलतापूर्वक विकसित और तैनात किया है, जिन्होंने मापने योग्य परिणाम प्राप्त किए हैं। पुरस्कारों के लिए दुनिया भर के छोटे, मध्यम, बड़े और वैश्विक उद्यमों से लेकर सरकारी, गैर-लाभकारी संस्थाओं और संगठनों से आवेदन प्राप्त किए जाते है ।




## होलीक्रॉस कान्वेंट स्कूल की संस्थापक प्रिंसिपल सिस्टर सेलेस्टिन नही रही..

**.92 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांसे ...**

-संवाददाता-

**अंबिकापुर,10 दिसम्बर 2023(घटती-घटना)।** अम्बिकापुर होलीक्रॉस कान्वेंट स्कूल की संस्थापक प्रिंसिपल एवं 1970 के दशक में आरंभ हुई इस विशाल संस्था की सुपरिचित एवं लोकप्रिय व्यक्तित्व सिस्टर सेलेस्टिन ( डॉक्टर मेरी कुन्नाथ) का लंबी बीमारी के बाद 92 वर्ष की उम्र में केरल के कोट्टायम ज़िले में उनके गृह निवास में निधन हो गया। वे दशकों लंबे मिशनरी जीवन में सेवा-रत रहने के बाद व्यक्तिगत कारणों से मिशन के सामूहिक जीवन से अलग हो गई, परंतु व्यक्तिगत तौर पर शिक्षा और सामाजिक कार्यों में लगातार संलग्न हो, उच्च पदों पर रहते हुए जनसेवा करती रहीं ! उनकी पवित्र आत्मा की शांति के लिए उनके सैकड़ों परिचितों, उनकी छात्राओं व अभिभावकों ने उनकी स्मृतियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।



## सूने मकान को चोरी ने बनाया निशाना

-संवाददाता-

**कोरबा,10 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** जिले के कोरबा शहर में एक बार फिर चोर गिरोह हुए सक्रिय । कोरबा के रामपुर थाना अंतर्गत एमपी नगर में बीती रात ताला तोड़कर घुसे चोरों ने घर की आलमारी में रखे लगभग तीन लाख नगदी सहित लाखों रुपए कीमती सोने चांदी के जेवर ले उड़े। मामला महाराणा प्रताप नगर का है जहां शनिवार देर रात राजकिशोर चौरसिया अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। पति-पत्नी शनिवार की शाम शहर में रहने वाले अपने बेटे रॉकी चौरसिया के घर गए हुए थे। देर रात हो जाने के कारण बेटे के घर पर ही ठहरे गए । सुबह जब राजकिशोर चौरसिया अपनी पत्नी के साथ वापस घर लौटे तो मकान में लगा हुआ ताला टूटा मिला। उन्होंने अंदर जाकर देखा तो सारे सामान अस्त-व्यस्त और बिखरे पड़े हुए थे। चोरों ने आलमारी सहित अन्य स्थानों पर रखे लगभग तीन लाख रुपए नगदी के अलावा सोने की अंगूठी, दो नग नथ, चांदी के पायल सहित अन्य आभूषण चोरी कर ले गए । दपंति ने चोरी की सूचना अपने बेटे को दी। जिसके बाद रामपुर पुलिस को मामले से अवगत कराया गया। सूचना मिलते ही रामपुर थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने बारीकी से घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दरवाजे में लगे ताले को तोड़े जाने का निशान स्पष्ट दिखाई दे रहा था। बहरहाल पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी शुरू कर दी है। चोरी के मामले को सुलझाने पुलिस ने डॉग स्क्वाड की मदद ली। सूचना पर मास्टर सुनील गुप्ता ने बाघा को लेकर घटना स्थल पर पहुंच जांच सुरू कर दी । बाघा ने चोरी के निशान देगी पर घटना स्थल के समीप ही अटल आवास तक जा पहुंचा एवं रुक गया। जिससे पुलिस द्वारा संभावना जताई जा रही है कि चोरी की वारदात को क्षेत्र के ही असामाजिक तत्वों ने अंजाम दिया होगा या फिर इस रस्ते से चोर भागे होंगे। उपरोक्त संभावनाओं पर पुलिस मामले की छान बीन में जुट गई है एवं जल्द मामले के तह तक पहुंचने की बात कही गई है ।



# अमी कमानी ने जीता राष्ट्रीय 6 रेड स्नूकर महिला का खिताब

## अमी ने सेमीफाइनल में कर्नाटक की अनुभवी चित्रा मागिमाईराज को पराजित किया...उन्होंने कहा,चेन्नई मेरे लिये भाग्यशाली रहा है और यहां फिर से खिताब जीतना मेरे लिए विशेष है...



**चेन्नई,10 दिसम्बर 2023।** मध्यप्रदेश की कई बार की चैम्पियन अमी कमानी ने रविवार को यहां राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैम्पियनशिप के फाइनल में तमिलनाडु की अनुपमा रामचंद्रन को 4-1 से हराकर राष्ट्रीय 6 रेड स्नूकर महिला खिताब अपने नाम किया। अमी ने सेमीफाइनल में कर्नाटक की अनुभवी चित्रा मागिमाईराज को पराजित किया। उन्होंने कहा, ''चेन्नई मेरे लिये भाग्यशाली रहा है और यहां फिर से खिताब जीतना मेरे लिए विशेष है।

अनुपमा ने दूसरे सेमीफाइनल में गत चैम्पियन विद्या पिल्लई को पराजित कर पिछले महीने दोहा में विश्व 6 रेड स्नूकर में उनसे मिली हार का बदला चुकता किया था लेकिन इस लय को जारी नहीं रख सकीं। अमी ने 2017 में राष्ट्रीय बिलियर्ड्स, स्नूकर और 6 रेड स्नूकर खिताब जीते थे। मलकीत सिंह फाइनल में आरएसपीबी के साथी ई पांडुरंगइया को हराकर नये राष्ट्रीय 6 रेड स्नूकर पुरुष चैम्पियन बने। मलकीत सिंह ने शनिवार को रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) के पांडुरंगइया को 'बेस्ट ऑफ 13' फ्रेम के फाइनल में 7-5 से शिकस्त दी। इससे पहले उन्होंने सेमीफाइनल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) के प्रबल दावेदार और 26 बार के आईबीएसएफ विश्व चैम्पियन पंकज आडवाणी को 6-5 से पराजित किया।

पांडुरंगइया ने दूसरे सेमीफाइनल में पीएसपीबी के आदित्य मेहता को 6-4 से हराया था। पूर्व चैम्पियन आडवाणी का हारना भारतीय क्यू खेल जगत के लिए हैरान करने वाला रहा क्योंकि एक समय उन्होंने मैच 5-3 से लगभग अपने नाम कर ही लिया था। लेकिन मलकीत सिंह ने अंतिम तीन फ्रेम में 59-0, 43-1, 67-13 जीतकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर किया। पिछले चरण में उप विजेता आडवाणी तीसरे स्थान के प्लेऑफ में मेहता से हार गये। आडवाणी ने कहा, ''मलकीत ने संयम बनाये रखा और अंत में मुझे हरा दिया।



# अश्विनी और तनीषा की जोड़ी गुवाहाटी मास्टर्स के फाइनल में

**गुवाहाटी,10 दिसम्बर 2023।** भारत की तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल के फाइनल में जगह बनाई।

पिछले सप्ताह लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 टूर्नामेंट में उप विजेता रही अश्विनी और तनीषा की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 36 मिनट तक चले सेमीफाइनल मैच में नीदरलैंड की तीसरी वरीयता प्राप्त डेबोरा जिल और चेरिल सेनेन को 21-12, 21-12 से हराया।

महिला एकल में मालविका बांसोड़ हालांकि सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई और थाईलैंड की लालिनराट चाइवान से 12-21, 14-21 से हार गई। मिश्रित युगल में तनीषा और ध्रुव कपिला की जोड़ी को सिंगापुर की ही योंग काई टेरी और तान वेई हान जेसिका की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 18-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। हरिहरन अम्सकरुनन और रुबन कुमार रेथिनासाबापति की पुरुष युगल जोड़ी भी फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही तथा चीनी ताइपे के लिन बिंग वेई और सु चिंग हेंग से 10-21 से 19-21 से हार गई।

# महिला प्रीमियर लीग 22 फरवरी से शुरू होगी

» बीसीसीआई ने डब्ल्यूपीएल का संभावित शेड्यूल जारी किया

» इसका दूसरा सीजन 22 फरवरी से 17 मार्च के बीच होने की संभावना



**मुंबई,10 दिसम्बर 2023।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई)ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए एक समय सीमा की पहचान की है, जिसका दूसरा सीजन 22 फरवरी से 17 मार्च के बीच होने की संभावना है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल), जिसका दूसरा सीजन 22 फरवरी से 17 मार्च तक होने की संभावना है। हालांकि पांच टीमों की लीग के लिए विशिष्ट स्थान को अंतिम रूप नहीं दिया गया है, लेकिन ऐसे संकेत हैं कि लीग एक केंद्र के बजाय कई स्थानों पर आयोजित की जा सकती है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई में होने वाली डब्ल्यूपीएल नीलामी से पहले इस जानकारी पर चर्चा की गई। ऐसा माना जाता है कि पांच प्रतिद्वंद्वी टीमों- दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और यूपी वारियर्स को बीसीसीआई द्वारा इस अस्थायी समय सारिणी के बारे में सूचित कर दिया गया है। लीग के उद्घाटन संस्करण में, मुंबई ने सभी मैचों की मेजबानी की।

महिला प्रीमियर लीग 2024 के फरवरी में एक राज्य में होगा : बीसीसीआई सचिव जय शाह

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मानद सचिव जय शाह ने कहा कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का दूसरा संस्करण लॉजिस्टिक कारणों से फरवरी 2004 में एक राज्य में खेला जाएगा। शाह ने कहा कि डब्ल्यूपीएल का उद्घाटन संस्करण मुंबई में दो स्थानों पर खेला गया था क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया के ब्रेबॉर्न स्टेडियम और नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में। दूसरे संस्करण में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल सकता है, हालांकि उन्होंने इस बात के लिए कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई कि इसे दोबारा मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

शाह ने यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) नीलामी के मौके पर कहा, यह निर्णय लिया गया है कि हम फरवरी में टूर्नामेंट आयोजित करेंगे। जहां तक आयोजन स्थल का सवाल है, यह केवल एक राज्य में आयोजित किया जाएगा, ताकि यह तार्किक रूप से बेहतर हो। उन्होंने कहा, मूल रूप से यह फ्रेंचाइजी और बीसीसीआई के बीच एक संयुक्त कॉल है। हम एक साथ बैठेंगे और फैसला करेंगे। हम आपको बताएंगे। यह एक राज्य में होगा, यह निश्चित है।

उन्होंने कहा, हम इसे बेंगलुरु या उत्तर प्रदेश में कर सकते हैं। हमारे पास बहुत सारे स्थान हैं, यहां तक कि गुजरात में भी, जहां हमारे पास अहमदाबाद, राजकोट हैं और कुछ वर्षों के बाद बड़ौदा अपना स्टेडियम बना सकता है। एक राज्य में इसलिए आयोजन करना है, क्योंकि घरेलू सीज़न चल रहा है और पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



# 21 दिसंबर से कुश्ती संघ के चुनाव

### 6 महीने के इंतजार के बाद जारी हुआ शेड्यूल

**नई दिल्ली,10 दिसम्बर 2023।** भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव 21 दिसंबर को होंगे और उसी दिन नतीजों की भी घोषणा कर दी जायेगी। निर्वाचन अधिकारी ने यह जानकारी दी। निर्वाचन अधिकारी जस्टिस (रिटायर्ड) एम एम कुमार के कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि मतदान, मतगणना और नतीजों की घोषणा एक ही दिन होगी। चुनाव के नतीजे पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में लंबित रिट याचिका के नतीजे पर निर्भर होंगे।

चुनाव आमसभा की विशेष बैठक के दौरान होंगे और सात अगस्त को बनाई गई मतदाता सूची के अनुरूप होंगे। बयान में कहा गया ,''डब्ल्यूएफआई के चुनाव पर पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने 11 अगस्त को रोक लगा दी थी जिसकी वजह से 12 अगस्त को चुनाव नहीं हो सके। उच्चतम न्यायालय ने रोक हटा दी है और अब चुनाव की बाकी प्रक्रियायें संशोधित कार्यक्रम के अनुसार उसके आगे से 21 दिसंबर को होगी।''

इसमें कहा गया ,'' इस चुनाव के नतीजे पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में लंबित रिट याचिका के नतीजे के मुताबिक घोषित किये जायेंगे।'' भारतीय वुशू महासंघ के प्रमुख भूपेंदर सिंह बाजवा की अगुवाई में इस समय आईओए द्वारा गठित तदर्थ समिति डब्ल्यूएफआई के दैनंदिनी काम का संचालन कर रही है। खेल मंत्रालय ने बृजभूषण शरण सिंह की अध्यक्षता वाले महासंघ को निलंबित कर दिया था। भारत के शीर्ष पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रदर्शन किया था।

# कौन हैं वृंदा दिनेश? जो डब्ल्यूपीएल इतिहास की सबसे महंगी अनकैप्ड खिलाड़ी बनीं



**नई दिल्ली,10 दिसम्बर 2023।** विमेंस प्रीमियर लीग 2024 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में वृंदा दिनेश मालामाल हो गईं। यूपी वॉरियर्स ने उन्हें 1.3 करोड़ की कीमत पर अपनी टीम में शामिल किया। वहीं उनका बेस प्राइस महज 10 लाख रुपये था। लेकिन नीलामी में उन्हें 13 गुना ज्यादा कीमत में खरीदा गया। शुरुआत में गुजरात और आरसीबी ने वृंदा को अपनी टीम में शामिल करने में रुचि दिखाई, लेकिन आखिर में यूपी ने एक करोड़ से ज्यादा कीमत देकर उन्हें अपने साथ जोड़ा है। वृंदा इस सीजन एक करोड़ से ज्यादा कीमत पर बिकने वाली पहली भारतीय हैं।

वृंदा दिनेश ने पिछले दो सीजन में कर्नाटक के लिए शानदार बल्लेबाजी की है। वह बड़े शॉट लगाने में माहिर हैं। 22 साल की इस बल्लेबाज ने टीम इंडिया में शामिल होने से पहले ही सबको अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। हाल ही में इंग्लैंड एक के खिलाफ तीन मैच की सीरीज में वह भारत ए महिला टीम का हिस्सा थीं। वह पहली बार हांगकांग में एसीसी इमर्जिंग टीम्स कप में चर्चा में आई थीं। भारत ने ये खिताब जीता था और वृंदा इस टीम का हिस्सा थीं। फाइनल में उन्होंने 29 गेंदों में 36 रन बनाकर प्रभावित किया। इस मैच में टीम इंडिया सात विकेट खोकर 127 रन ही बना पाई थी। इसके बावजूद भारत ये मैच जीतने में सफल रहा था

# एनाबेल सदरलैंड 2 करोड़ रुपये में बिकी

### गुजरात ने फोएबे को एक करोड़ में चुना

**मुंबई,10 दिसम्बर 2023।** दिल्ली कैपिटल्स ने यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 की नीलामी के शुरुआती दौर में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड को कड़ी बोली में मुंबई इंडियंस को हराकर 2 करोड़ रुपये की बोली लगाई।दिल्ली 40 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ 22 वर्षीय दाएं हाथ की बल्लेबाज और मध्यम तेज गेंदबाज के लिए दौड़ में शामिल हो गई और मुंबई इंडियंस के साथ उनका जोरदार मुकाबला हुआ। दोनों दिग्गजों ने उत्साह के साथ इस पर काम किया और एक करोड़ के आंकड़े को पार करने और 1.5 करोड़ के पार जाने से पहले उन्होंने अपनी बोली लगातार 5 लाख रुपये बढ़ाई। दिल्ली कैपिटल्स द्वारा 2.0 करोड़ रुपये की बोली लगाने के बाद, मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अम्बानी बोली से हट गई और खिलाड़ी दिल्ली कैपिटल्स के पास चला गया।



दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने कहा कि वे एक निश्चित रणनीति को ध्यान में रखकर नीलामी में आए हैं और एनाबेल सदरलैंड उनके लिए उपयुक्त हैं।

उन्होंने कहा कि उनके पास पहले से ही एक संतुलित टीम है और वे ऐसे खिलाड़ियों को चुनेंगे जो अंतिम एकादश में जगह बना सकें। बैटी ने कहा, एनाबेल एक बहु-कौशल खिलाड़ी है और नंबर 3 से 7 तक किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी कर सकती है और मैच के किसी भी चरण में गेंदबाजी कर सकती है।खिलाड़ियों के शुरुआती सेट में एक करोड़ का आंकड़ा पार हो गया, जब फोएबे लीचफील्ड को गुजरात जाइंट्स ने एक करोड़ रुपये में खरीदा। यह खिलाड़ी 30 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ आयी थी और गुजरात अपने खिलाड़ी को 1 करोड़ रुपये में खरीदने से पहले यूपी वारियर्स के साथ बोली की लड़ाई में लगा हुआ था।

गुजरात जायंट्स की मेंटर मिताली राज ने कहा कि वे एक बाएं हाथ के बल्लेबाज की तलाश में थे जो मध्यक्रम में बल्लेबाजी कर सके और फोएबे उन मापदंडों पर फिट बैठती हैं। मिताली ने कहा, वह ऑस्ट्रेलिया के लिए मध्यक्रम में बल्लेबाजी करती है। हम एक ऐसा लेफ्टी चाहते थे जो मध्यक्रम में बल्लेबाजी कर सके। हमारे पास मध्यक्रम में एक और लेफ्टी है इसलिए इससे अच्छा संतुलन आता है।

जबकि दो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने सबसे बड़ी बोली हासिल की, इंग्लैंड की डैनी व्याट को यूपी वारियर्स ने 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वेयरहम को 40 लाख रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा।

भारत की वेदा कृष्णमूर्ति, पूनम राउत, इंग्लैंड की मायिया बाउचर, श्रीलंका की चामरी अथापथु और वेस्टइंडीज की डींड्रा डॉटिन जैसे कुछ जाने-माने नाम, जिनके लिए बड़ी बोली लगने की उम्मीद थी, वे नहीं बिके क्योंकि फ्रेंचाइजी युवा खिलाड़ियों में अधिक रुचि ले रही थीं। जो टीम में कई कौशल लाते हैं।

# काशवी गौतम पर गुजरात जायंट्स ने की पैसों की बरसात

### अपनी बेस प्राइस से 20 गुना दाम में बिकीं

**नई दिल्ली,10 दिसम्बर 2023।** विमंस प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों पर जमकर बोली लग रही है। इसी कड़ी में काशवी गौतम पर गुजरात जायंट्स ने जमकर पैसों की बरसात की है। गुजरात ने काशवी को 2 करोड़ की भारी भरकम रकम में खरीदा है। जबकि उनका बेस प्राइस महज 10 लाख रुपये था इसका मतलब है कि वह अपने बेस प्राइस से 20 गुना ज्यादा दाम में बिकीं हैं। चंडीगढ़ की रहने वाली इस खिलाड़ी को रविवार से शुरू हुए अंडर-23 टूर्नामेंट के लिए कप्तान भी बनाया गया। टीम का पहला मुकाबला बिहार से और 11 दिसंबर को दिल्ली से होगा। 13 दिसंबर को गुजरात और 15 दिसंबर को उत्तराखंड से होगा।



काशवी को उनकी सटीक तेज गेंदबाजी के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने सीनियर विमन इंटर जोनल टी20 ट्रॉफी में हैटट्रिक भी ली थी। उन्होंने पांच विकेट लेकर अपनी टीम नॉर्थ जोन टीम को नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ 111 रन से जीत दिलाई थी। इसके बाद उन्हें इंडिया ए टीम में शामिल कर लिया गया था।





# केजीएफ स्टार यश ने नई फिल्म टॉक्सिक का किया ऐलान,सामने आया पहला वीडियो

सुपरस्टार यश के फैंस का इंतजार खत्म हो गया है. केजीएफ 1 और केजीएफ 2 की सक्सेस के बाद पिछले कुछ समय से फैंस उनकी नई फिल्म की अनाउंसमेंट का इंतजार कर रहे थे और अब यश की नई फिल्म का ऐलान कर दिया गया है. उनकी अगली मूवी का नाम होगा टॉक्सिक . मेकर्स ने टाइटल टीजर भी जारी कर दिया है जिसे देखकर फैंस खुशी से झूम उठेंगे. इसके अलावा फिल्म की रिलीज डेट भी बता दी गई है.

यश ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें आधे जले प्लेइंग कार्ड्स दिख रहे हैं. बैकग्राउंड में एक कैची ट्यून सुनने को मिल रहा है. इस बीच यश के दमदार लुक की हल्की सी झलक देखने को मिलती है. वीडियो में यश काउबॉय लुक में नजर आते हैं. वह सिगार पीते हुए दिख रहे हैं और उनके एक हाथ में बड़ी सी गन भी नजर आ रही है. सोशल मीडिया पर टॉक्सिक टाइटल टीजर छा गया है. यश की ये फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. इस फिल्म के डायरेक्टर नेशनल अवॉर्ड विनर गीतू मोहनदास हैं जिन्हें जिसमें लायर्स डायस और मूथॉन जैसी फिल्में बनाने के लिए जाना जाता है. केव्हीएन प्रोडक्शन हाउस यश की फिल्म टॉक्सिक को प्रोड्यूस कर रही है. हालांकि, फिल्म की बाकी स्टारकास्ट को लेकर अभी कोई डिटेल्स सामने नहीं आई है।



# तेजस्वी प्रकाश लॉर्ड बॉबी के प्रवेश गीत पर थिरकीं

तेजस्वी प्रकाश एक उत्साही सोशल मीडिया उपयोगकर्ता हैं। वह अक्सर अपने प्रशंसकों के साथ अपनी खूबसूरत तस्वीरें साझा करना सुनिश्चित करती हैं। इसके अलावा, तेजस्वी की मनमोहक हरकतों वाली प्रफुल्लित करने वाली रीलें अविस्मरणीय हैं। हाल ही में, अभिनेत्री ने अपनी टीम के साथ वायरल गाने जमाल कुडु पर थिरकते हुए एक वीडियो साझा किया। नशे की लत वाली धुन मूल रूप से बॉबी देओल की एनिमल में एंट्री के दौरान प्रदर्शित की गई थी।

तेजस्वी प्रकाश ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक क्लिप डाली, जिसमें उन्होंने एनिमल के ट्रेंडिंग लॉर्ड बॉबी के एंट्री बैकग्राउंड म्यूजिक को एक मजेदार मोड़ दिया। रील में तेजस्वी और उनकी टीम के नासमझ पक्ष को दिखाया गया है जब वे वायरल धुन पर नृत्य करते हुए एक उड़ान में प्रवेश करते हैं। दिन के लिए, अभिनेत्री को न्यूनतम मेकअप और खुले बालों के साथ फ्लोरल-प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट पहने देखा जाता है।

# विष्णु मांचू की कन्नप्पा का फर्स्ट लुक पोस्टर सामने आया





वर्तमान में न्यूज़ीलैंड की लुभावनी पृष्ठभूमि पर निर्माण में, महाभारत धारावाहिक प्रसिद्धि के प्रशंसित मुकेश कुमार सिंह द्वारा निर्देशित विष्णु मांचू का महत्वाकांक्षी उद्यम, कन्नप्पा, एक शानदार दृश्य पेश करने के लिए तैयार है। हाल ही में अनावरण किए गए फर्स्ट लुक पोस्टर में विष्णु मांचू को दिखाया गया है, तीर तीरों के झरने के बीच आसमान की ओर इशारा कर रहा है, जो नदी और घने जंगल में एक शिवलिंग को चतुराई से प्रतिबिंबित कर रहा है - फिल्म की थीम के साथ एक दृश्य संरेखण। कैप्शन के साथ, सबसे बहादुर योद्धा। द अल्टीमेट डिवोटी में कन्नप्पा के चरित्र को जीवंत रूप से जीवंत किया गया है, जो इस सिनेमाई प्रयास के अखिल भारतीय सार पर जोर देता है। अगले साल रिलीज होने वाली इस फिल्म में प्रभास, मोहनलाल, नयनतारा, शिव राजकुमार, सरथकुमार और मधुबाला समेत कई शानदार कलाकार शामिल हैं। कन्नप्पा का भव्य बजट 24 फ्रेम्स फैक्ट्री और एवा एंटरटेनमेंट द्वारा समर्थित है।पारुचुरी गोपालकृष्ण, बुर्रा साई माधव और थोटा प्रसाद की प्रतिभाशाली तिकड़ी द्वारा लिखित, स्टीफन डेवेसी और मनीशर्मा की संगीत प्रतिभा इस परियोजना को लेकर प्रत्याशा बढ़ाती है। जैसे-जैसे निर्माण शुरू हो रहा है, बहुप्रतीक्षित फिल्म कन्नप्पा के बारे में अधिक दिलचस्प जानकारी के लिए हमारे साथ बने रहें।

# पुराना राशनकार्ड का होगा बदलाव

» नए राशन कार्ड छपवाने पड़ेंगे नई सरकार को

» हर कार्ड पर छपी है पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व खाद्य मंत्री की तस्वीर

» आचार संहिता में भी किसी ने नहीं दिया ध्यान

**रायपुर,10 दिसम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में परिवर्तन का दौर चल निकला है। कांग्रेस के बाद अब यहां भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इस बीच खाद्य विभाग में एक ऐसा मामला सामने आया है, जो बहुत जल्द गर्म होने वाला है। लोगों को सस्ते दर पर मिलने वाले राशन के लिए छपे राशन कार्ड को लेकर अब प्रदेश में विवाद छिड़ सकता है, दरअसल इसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत की तस्वीर छपी है। आश्चर्य की बात यह है कि आचार संहिता के दौरान किसी की भी नजर इस पर नहीं पड़ी, और यह मुद्दा प्रकाश में ही नहीं आया।

**पहचान बदलने की रही है परंपरा**

राज्य अथवा केंद्र में जब कभी सरकारें बदलती हैं, तो नई सरकार अपनी पहचान स्थापित करने के लिए कुछ बदलाव करती हैं। 2018 में चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस सरकार ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा लागू कई चीजों को बदल दिया। पहले राशन कार्ड में किसी नेता की तस्वीर नहीं होती थी। मगर 2018 में जब कांग्रेस सरकार ने नए सिरे से राशन कार्डों की छपाई की, तब इसके कवर पेज पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और खाद्य मंत्री अमरजीत भगत की तस्वीर छापी गई। हर राशन कार्ड में दोनों की तस्वीर है। अब सरकार बदल चुकी है और जल्द ही मंत्रिमंडल का गठन होगा। विस चुनाव के पूर्व आचार संहिता के दौरान नेताओं के होर्डिंग, दीवारों पर लिखे नाम, पम्पलेट आदि को हटाया गया था। लेकिन राशन कार्ड पर किसी का ध्यान नहीं गया। नेताओं की तस्वीर वाले राशन कार्ड भी तो आचार संहिता के दायरे में आते हैं, संभवतः ये राशन कार्ड हितग्राहियों के पास होने के चलते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, क्योंकि चाहकर भी इतनी बड़ी संख्या में राशनकार्डों से तस्वीरों को तत्काल विलोपित नहीं किया जा सकता था। अब भाजपा सरकार इस राशन कार्ड में बदलाव जरूर करेगी।




इस राशन कार्ड में छग शासन के लोगों के साथ छग खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम 2012 अंकित है। मंत्रिमंडल गठन के बाद अब राशन कार्ड को लेकर भी उठापटक होगी। अब कांग्रेस सरकार ही नहीं रही, इसलिए जल्द ही इसमें भी बदलाव होगा।

### बदलाव में करोड़ों रूपये होंगे खर्च

नए राशन कार्डों की छपाई कोई मामूली बात नहीं है। इसके लिए नए कार्ड की छपाई में बड़ी रकम खर्च होगी। खाद्य विभाग द्वारा वेबसाइट पर दिए गए आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान में कुल 76 लाख 62 हजार 211 परिवारों ने अपना राशन कार्ड बनवा रखा है। यह आंकड़ा अभी और बढ़ेगा, क्योंकि स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ संबंधित परिवारों के पास राशन कार्ड होने पर ही मिलेगा। बड़ी संख्या में अभी भी लोगों ने इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रक्रिया पूरी नहीं की है, इस वजह से प्रदेश में राशन कार्डों की संख्या अभी और बढ़ेगी। ऐसे में सरकार को नए राशन कार्डों को छपवाने में करोड़ों रूपये लग जायेंगे। स्वाभाविक है कि इसकी भरपाई प्रदेश की जनता से मिलने वाले टैक्स से ही की जाएगी।



## हत्या करवाने के आरोप मामले में एफ आईआर दर्ज करवाएं बृहस्पत,जांच होगी

**रायपुर,10 दिसम्बर 2023(ए)।** पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सैलजा व पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के खिलाफ विवादित बयान मामले में कांग्रेस नेताओं ने उन्हें पार्टी से निष्कासित करने की मांग की है।
वहीं भाजपा को जिताने का श्रेय टीएस सिंहदेव को देने मामले में भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने पलटवार करते हुए कहा कि बृहस्पत सिंह अपने पूर्व के दिए गए बयान पर एफआईआर दर्ज कराएं।भाजपा सरकार जांच कराएगी।
उल्लेखनीय है कि बृहस्पत सिंह ने शुक्रवार को कांग्रेस की हार का आरोप पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव व कांग्रेस प्रभारी सैलजा पर लगाया है। साथ ही सैलजा पर बिकने का भी आरोप लगाया। इस पर कांग्रेस नेताओं ने बृहस्पत सिंह को कांग्रेस से निष्कासित करने की मांग की है।

## दूल्हा और दुल्हन समेत 5 लोगों की मौत



**बाराती कार और ट्रक में जोरदार भिड़ंत से हुआ दर्दनाक हादसा**

**जांजगीर,10 दिसम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ से दर्दनाक हादसे की खबर सामने आ रही है। यहां जांजगीर जिले में मुलमुला थानांतर्गत ग्राम पकरिया में भीषण सड़क हादसे के दौरान पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मारे गए लोगों में दूल्हा और दुल्हन भी शामिल है।बताया जा रहा है कि शादी के बाद बाराती कार पामगढ़ से अकलतरा जा रही थी, इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने कार को ठोकर मार दी, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक फरार हो गया है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह तड़के 5:00 बजे के आसपास की है बलौदा निवासी सोनी परिवार शिवरीनारायण में एक शादी के कार्यक्रम में गए हुए थे। वापसी के दौरान वे कार से लौट रहे थे इसी दौरान वे ग्राम पकरिया झूलन के पास पहुंचे थे।

## यही होगा नए मुख्यमंत्री का अस्थायी निवास




**स्टेट गेस्ट हाउस 'पहुना' की बढ़ाई गई सुरक्षा,**

**रायपुर,10 दिसम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री के आवास को लेकर एक अहम् जानकारी सामने आई है कि राजधानी रायपुर में स्थित स्टेट गेस्ट हाउस पहुना नए मुख्यमंत्री का अस्थायी निवास होगा।
जानकारी के मुताबिक नए मुख्यमंत्री पहुना निवास में रहकर प्रदेश की बागडोर संभालेंगे,हालांकि यह उनका अस्थायी निवास होगा। इससे पहले साल 2018 में जब कांग्रेस की सरकार बनी थी तब तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी पहुना में रुककर करीब 1 महीने तक सरकार चलाई थी. फिलहाल पहुना स्टेट गेस्ट हाउस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।पहुना के आसपास 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात है जो की हर एक गतिविधि पर नजर बनाए हुए है।

सैलजा,सिंहदेव समेत अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ

## बयानबाजी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरुरत

**रायपुर,10 दिसम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और सक्ति के नवनिर्वाचित विधायक डॉ. चरणदास महंत ने विधानसभा चुनाव 2023 में मिले। जनादेश का सम्मान करते हुए प्रदेशभर के मतदाताओं का आभार जताया है। वहीं प्रदेश में इन दिनों कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव,प्रदेश प्रभारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा के खिलाफ हो रही बयानबाजी की तल्ख लहजे में निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस तरह की बयानबाजी करने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की जरूरत है। महंत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को तोड़ने, बांटने या कमजोर करने वालो की अब कांग्रेस में कोई जरूरत नहीं है.। इस तरह के लोगों के खिलाफ अनुशासन का डंडा चलाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व कुमारी सैलजा और प्रदेश के सह प्रभारियों ने कांग्रेस को एकजुट रखा. बावजूद किसी को अपनी बात रखना है तो पार्टी फोरम में रखे। पार्टी के बाहर बात रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है. उन्होंने कहा कि पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ बयानबाजी करने वालो को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




बता दें कि पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस में अपने ही नेताओं के खिलाफ बयानबाजी का दौर चल रहा है। बीते कुछ दिनों में जिन सिटिंग विधायकों की टिकट कटी, उनमें से कई लोगों ने अपने शीर्ष नेताओं पर आरोप लगाने शुरू कर दिए। रामानुजगंज से विधायक रहे बृहस्पत सिंह ने टिकट कटने का गुस्सा प्रदेश प्रभारी सैलजा और उप मुख्यमंत्री सिंहदेव पर निकाला और उन पर कई आरोप लगाए।

## प्याज के बाद अब लहसुन ने भी कर ली रुलाने की पूरी तैयारी

**250 रुपये किलो के पार हुआ रेट**

**रायपुर,10 दिसम्बर 2023(ए)।** रायपुर. प्याज से भी ज्यादा महंगा अभी लहसुन है। रिटेल मार्केट में लहसुन 250 से 300 रुपये किलो बिक रहा है. इससे आम जनता का बजट बिगड़ गया है। लेकिन कीमतों में उछाल आने से किसानों को काफी फायदा हो रहा है।
आम लोगों का कहना है कि कीमत अधिक होने की वजह से वे इस साल सर्दी के मौसम में भी लहसुन नहीं खरीद पा रहे हैं। लोगों का कहना है कि 250 ग्राम लहसुन के लिए उन्हें 60 से 70 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। अब लोगों की उम्मीद है कि लहसुन की नई फसल आने के बाद कीमतों में गिरावट आ सकती है।
अभी थोक मार्केट में ही लहसुन 180 से 220 रुपये किलो है.



जबकि, पिछले साल इसी समान अवधि में एक किलो लहसुन का रेट 60 से 100 रुपये था। वहीं, किसानों का कहना है कि आने वाले दिनों में लहसुन की कीमत में और बढ़ोतरी हो सकती है। क्योंकि किसानों ने इस बार बहुत ही कम रकबे में लहसुन की बुवाई की है। जबकि, सर्दी बढ़ने के साथ ही इसकी मांग में भी बढ़ोतरी हो जाएगी। ऐसे में कीमतें अपने-आप बढ़ेंगी.लहसुन के फुटकर विक्रेताओं ने बताया कि पिछले साल 50 किलो की कट्टी 50 रुपये में नीलाम हुआ था, जबकि इस साल कम माल होने के कारण अच्छा लहसुन 240 रुपये प्रति किलो था। बिक रहा है. उन्होंने बताया कि ठंड में लहसुन की मांग अधिक हो गई है।



## रायपुर एयरपोर्ट पर यात्री के पास से एक करोड़ से ज्यादा का सोना जब्त

**सीआईएसएफ टीम ने किया गिरफ्तार**

**रायपुर,10 दिसम्बर 2023 (ए)।** राजधानी के विवेकानंद एयरपोर्ट पर पैसेंजर के पास से भारी मात्रा में सोना बरामद किया गया है। पैसेंजर इंडिगो की फ्लाइट से लखनऊ से रायपुर 2 किलो सोना लेकर पहुंचा था। जिसे सी आई एस एफ की टीम ने हिरासत में लिया है। जब्त सोने की कीमत 1 करोड़ से अधिक बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, इंडिगो की फ्लाइट से पैसेंजर लखनऊ से रायपुर पहुंचा। चेकिंग के दौरान पैसेंजर के पास से 2 किलो सोना बरामद किया है। पकड़े गए सोने की कीमत एक करोड़ से अधिक है। सीआईएसएफ की टीम ने पैसेंजर को हिरासत में ले लिया है। मामले की सूचना पर आईटी की टीम भी एयरपोर्ट पहुंच गई है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

## चकमा देकर अस्पताल से कैदी हुआ फरार

**जेल प्रबंधन में हड़कंप**

**रायपुर,10 दिसम्बर 2023 (ए)।** अस्पताल से कैदी के फरार होने के बाद जेल प्रबंधन में हड़कंप मच गया है।सेंट्रल जेल से इलाज के लिए डीकेएस अस्पताल लाया गया एक विचाराधीन कैदी जेल प्रहरियों को चकमा देकर फरार हो गया। मामले में गोलबाजार थाना पुलिस अभिरक्षा से फरारी की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कैदी की तलाश में जुट गई है।
जानकारी के मुताबिक पुलिस अभिरक्षा से फरार कैदी का नाम देवीप्रसाद बंसोर है। जो कि शहर के डीडी नगर इलाके में लूट और हत्या का प्रयास के मामले में जेल में बंद था। उसकी तयत ख़राब होने की वजह से उसे इलाज के लिए शास्त्री चौक स्थित डीकेएस अस्पताल ले जाय गया था, जहां से वह सुरक्षाकर्मियों की आंखों में धूल झोककर फरार हो गया।




**माना बाल सुधार गृह की सुरक्षा में चूक,भागे 7 बाल अपराधी**

माना स्थित बाल सुधार गृह से हत्या के आरोपी सहित 7 नाबालिग अपराधी फरार हो गए हैं। राजधानी रायपुर के माना स्थित बाल सुधार गृह से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। इसे सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला माना जा रहा है। पता चला है कि, रविवार सुबह 6 बजे ये सभी बाल अपराधी फरार हुए हैं। सभी आरोपी हत्या या हत्या के प्रयास के आरोप में बाल सुधार गृह में बंद बताए जा रहे हैं। माना पुलिस इन फरार बालकों की तलाश में जुट गई है।

## जलालपुर ईंट भट्ठी में खर्री गांव के बच्चे,महिला समेत 16 मजदूर बंधक

**मजदूरों ने वीडियो जारी कर छुड़ाने की लगाई गुहार**

**सक्ति,10 दिसम्बर 2023(ए)।** सक्ती जिले के मजदूरों को पंजाब ईंट भट्ठी में बंधक बनाकर रखा गया है। मजदूरों ने वीडियो जारी कर छुड़ाने की गुहार लगा रहे हैं। जानकारी के अनुसार पंजाब के गुरदासपुर जिले के जलालपुर ईट भट्ठी में खर्री गांव के बच्चे, महिला समेत 16 मजदूरों को बंधक बनाकर रखा गया है। सारे मजदूर बस्ती बाराद्वार के लेबर दलाल के माध्यम से ले गए थे।



सक्ती जिले से एक मामला सामने आ रहा है जहां जिले के मजदूरों को पंजाब में बंधक बनाया गया है। मजदूरों को खाने पीने में भी परेशानी हो रही है। बताया गया कि इन मजदूरों को ले जाने वाले दलाल भी भाग गया है। जिसके बाद इन मजदूरों ने वीडियो जारी कर छुड़ाने के गुहार लगा रहे हैं।जिनके लिए दलाल ने भट्ठी मालिक से लाखों रुपये लिया था और अब दलाल वहां से भाग गया है, जिसके एवज में मजदूरों को बंधक बना लिया गया है। मजदूरों को मारने पीटने की धमकी दी जा रही है। वहीं खाने पीने में भी परेशानी हो रही है। मामले में देखना होगा कि इन मजदूरों की मदद के लिए प्रशासाक के द्वारा क्या किया जाएगा।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)